● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 298, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 16 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



भारत को मिलने वाली है नक्सलवाद से मुक्तिः शाह 5

आस्ट्रेलिया पहली पारी में 400 पार 6

## विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजनाओं से लाभान्वित होगा मध्यप्रदेश : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के विद्यार्थियों से किया संवाद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना आकार लेने जा रही है। यह उनके द्वारा देश को दी गई एक बड़ी सौगात है, सौभाग्य है कि इससे मध्यप्रदेश लाभान्वित होगा और ग्वालियर अंचल को एक नहीं दो-दो परियोजनाओं का लाभ मिलेगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना का अनुमानित बजट एक लाख करोड़ रुपए है। इसके साथ ही पार्वती-काली-सिंध-चंबल लिंक परियोजना का भी क्रियान्वयन आरंभ हो रहा है। शिवपुरी एक मात्र ऐसा जिला होगा, जो इन दोनों महत्वाकांक्षी परियोजनाओं से लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस आशीर्वाद से आने वाली पीढ़ी मध्यप्रदेश की प्रगति और उन्नति का एक नया इतिहास रचेगी और मध्यप्रदेश एक आदर्श राज्य के रूप में आकार लेगा। इससे बुंदेलखण्ड क्षेत्र के साढ़े आठ लाख निवासी लाभान्वित होंगे। लॉर्ड मैकाले द्वारा लागू शिक्षा व्यवस्था के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों का सम्पूर्ण मनोविकास बाधित रहा। नई शिक्षा नीति ने ज्ञानार्जन की जिज्ञासा का समाधान करते हुए छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान किए हैं। विद्यार्थियों में जिज्ञासा के भाव को बनाए रखने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों की नवीनतम जानकारियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही युवा संवाद कार्यक्रम आरंभ किया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर में जीवाजी विश्वविद्यालय के युवा संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विद्यार्थियों की कई जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान की दुनिया के एक अनूठे संग्रहालय का शुभारंभ हुआ है, ग्वालियर के लिए आज का दिन विशेष है। सिंधिया राज्य की दूसरी राजधानी उज्जैन काल की गणना का केंद्र रहा है। विश्व में समय की गणना को सूर्य या चंद्रमा से जोड़ा गया है। जबकि भारत में काल की गणना का आधार नक्षत्र रहे हैं। यह समय की सूक्ष्मतम और सर्वाधिक सटीक गणना है। इस परम्परा के आधार पर ही पंचांग हमें सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण और अन्य खगौलीय घटनाओं की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराते हैं। सनातन संस्कृति की इस विधा के परिणाम स्वरूप ही देश का जन-जन समय की गणना को सरलतापूर्वक समझने में सक्षम हो पाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भू-गर्भीय गतिविधियों, खगोल विज्ञान, पृथ्वी की उत्पत्ति और जन-जीवन विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद किया। संवाद के दौरान चंद्रमा और पृथ्वी के परस्पर संबंध, ग्रहों की महत्ता और उनके मानव जीवन पर प्रभाव, घड़ी के सिद्धांत और संत-समाज की परम्पराओं के संबंध में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि युवा प्रदेश और देश ही नहीं, विश्व का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं के साथ संवाद ही नहीं, प्रदेश के एक-एक अंचल का निर्माण कर

## हमारी विदेश नीति में आर्थिक कूटनीति पर ज्यादा जोर : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि आज भारत एक ऐसा देश बन गया है, जिससे दुनिया को बड़ी उम्मीदें हैं और जिसके पास ज्यादा जिम्मेदारियां हैं। उन्होंने कहा कि भारत को भविष्य में एक ऐसे देश के रूप में देखा जाएगा, जो दुनिया की समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देता है। यह भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका को दर्शाता है।

जयशंकर ने कहा कि भारत से उम्मीद की जाएगी कि वह दुनिया की समस्याओं का समाधान निकालने में मदद करे, खासकर हमारे पड़ोसी देशों में। विदेश मंत्री ने कहा, हम जिन भी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान साझा प्रयासों और फैसलों से होगा। दुनिया बदल रही है। नए विचार आ रहे हैं और भारत को इन बदलावों का हिस्सा बनना होगा। हमें अपनी विदेश नीति को बड़ी सोच और दीर्घकालिक दृष्टि और समझदारी के साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने



यह भी कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव केवल विदेश नीति से नहीं जुड़ा है, बल्कि यह भारत के विकास के लिए एक बड़ा अवसर भी है। उन्होंने कहा, आज हम जो आपूर्ति श्रृखलाओं में बदलाव देख रहे हैं, वह भारत में विनिर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं और तकनीकी विकास के लिए भी प्रेरक का काम कर रहे हैं। डिजिटल युग में विदेश नीति के लिए भी नए दृष्टिकोण की जरूरत है, क्योंकि यह युग विनिर्माण के युग से पूरी तरह अलग है। डिजिटल उत्पाद केवल उत्पाद नहीं रह गए, बल्कि वे अब डाटा के स्रोत बन गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि विदेश नीति एक ऐसा मिश्रण है, जिसमें पुरानी और नई दोनों चुनौतियां शामिल हैं। उन्होंने कहा, हमने कई पुराने मुद्दों का सामना किया है, जिनमें से कई अब भी मौजूद हैं। हमारी सीमा सुरक्षा भी एक गंभीर मुद्दा है और हम अभी भी आतंकवाद के गंभीर रूप से लड़ रहे हैं। इसके साथ ही हमें आज की जरूरतों के अनुसार विदेश नीति को राष्ट्रीय विकास के लिए क्रियान्वित करना पड़ा है।

उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत की विदेश नीति में आर्थिक कूटनीति पर ज्यादा जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं, तो उनके एजेंडे में प्रौद्योगिकी, पूंजी, सहयोग, निवेश और सर्वोत्तम प्रथाओं का बड़ा स्थान होता है। यह अब विदेश नीति का एक अहम हिस्सा बन चुका है। नई दिल्ली में मॉल्डोवा के दूतावास के उद्घाटन समारोह में जयशंकर ने कहा, हम मानते हैं कि इस दूतावास की स्थापना से हमारे संबंधों का नया अध्याय शुरू होगा।

## कालकाजी से सीएम आतिशी और नई दिल्ली से लड़ेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की चौथी व अंतिम सूची जारी कर दी है। इस सूची में 38 नामों की घोषणा की गई है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में कई दिग्गज नेताओं के नाम भी शामिल है।

नई दिल्ली से एक बार फिर अरविंद केजरीवाल मैदान में उतरें हैं। साथ ही, दो सीट पर फेरबदल किया गया है। इसमें कस्तूरबा नगर से मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट काट कर भाजपा से आप में शामिल हुए, रमेश पहलवान को टिकट दिया है। साथ ही, उत्तम नगर से मौजूदा विधायक नरेश बालियान की पत्नी को पोश बालियान को



मौका दिया है। इसके अलावा पांच मुस्लिम समुदाय से उम्मीदवार उतारे हैं। 10 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। यानी 15 फीसदी महिलाओं को जगह दी है। अब आप ने 70 सीट पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। पार्टी ने पहली सूची में 11 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया था। वहीं, दूसरी सूची में 20 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए। पार्टी ने अपनी तीसरी सूची में एक नाम की घोषणा की थी। सीएम आतिशी कालकाजी सीट से चुनाव लड़ेंगी। ओखला से अमानतुल्लाह खान को टिकट मिला है। मालवीय नगर से सोमनाथ भारती को उतारा गया है। ग्रैटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज प्रत्याशी हैं। बाबरपुर से मंत्री गोपाल राय और तिलक नगर से जरनैल सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, मुकेश कुमार अहलावत सुल्तानपुर माजरा से, रघुविंदर शौकीन नांगलोई जाट से, सोम दत्त सदर बाजार से चुनाव लड़ेंगे। आम आदमी पार्टी की फाइनल सूची आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए।

## दरोगा की पिस्टल छीनकर की फायरिंग, पैर में गोली मारकर पकड़ा

**मेरठ।** कॉमेडियन सुनील पाल और मुश्ताक मोहम्मद खान के अपहरण मामले में गिरफ्तार अर्जुन कर्णवाल दरोगा की पिस्टल छीनकर पुलिस हिरासत से भाग निकला। पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अर्जुन को पुलिस ने शनिवार रात पकड़ा था। उसके पास से किडनैपिंग में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो कार, दो लाख रुपये और फिरौती में इस्तेमाल किया गया मोबाइल मिला था। रविवार को पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने से पहले मेडिकल के लिए ले जा रही थी।

## मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र आज से

### 1766 प्रश्न, आठ विधेयक और विभिन्न प्रस्तावों पर होगी चर्चा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस पांच दिवसीय सत्र की तैयारियों का विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सत्र के संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह के अनुसार, 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित की जाएंगी। अब तक विधानसभा सचिवालय को 888 तारांकित प्रश्न और 878 अतारांकित प्रश्न, कुल मिलाकर 1766 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा, ध्यानाकर्षण की 178, स्थगन प्रस्ताव के 01, अशासकीय संकल्प की 14 और शून्यकाल की 47 सूचनाएं भी प्राप्त हुई हैं। इस सत्र में 08 विधेयकों पर चर्चा भी की जाएगी। मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का यह चतुर्थ सत्र में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आर्थिक, सामाजिक और कानून से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

विधानसभा सत्र के पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष से सत्र की समयसीमा बढ़ाने की मांग की है। कांग्रेस सत्र में सरकार को बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, खाद- बीज का संकट, रोजगार को लेकर घेरने की तैयारी की है। वहीं, सरकार ने भी कांग्रेस के आरोपों को लेकर जवाब देने की पूरी तैयारी कर रखी है।

विधानसभा सत्र के पहले दिन तीन नव निर्वाचित विधायक शपथ लेंगे। इसमें अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह, बुधनी से विधायक रमाकांत भार्गव और विजयपुर से विधायक मुकेश मल्होत्रा को शपथ दिलाई जाएगी।

## मेरा राजनीतिक करियर गांधी परिवार ने बनाया और बिगाड़ाः मणिशंकर

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि उनके जीवन की विडंबना यह है कि उनका राजनीतिक करियर गांधी परिवार ने बनाया और बिगाड़ा। मणिशंकर अय्यर ने आगे यह भी कहा कि 10 साल तक उन्हें सोनिया गांधी से आमने-सामने मिलने या राहुल गांधी के साथ कोई भी बातचीत का मौका नहीं मिला, सिवाय एक बार के। जगरनॉट प्रकाशक की तरफ से प्रकाशित अपनी आगामी पुस्तक ए मेवरिक इन पॉलिटिक्स पर बातचीत करते हुए मणिशंकर अय्यर ने कहा कि उनके पास सब कुछ था लेकिन, आखिरकार, वह पार्टी में पूरी तरह से अलग-थलग हो गए थे।

## कांग्रेस रोना बंद करे और चुनाव नतीजों को स्वीकार करेः उमर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर कांग्रेस पार्टी की तीखी आपत्ति को खारिज कर दिया है। भाजपा के बचाव में उन्होंने दोहराते हुए, कहा कि जब आप जीतते हैं तो आप चुनाव परिणामों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं और जब आप हार जाते हैं तो ईवीएम को दोष देते हैं। अब्दुल्ला ने शुक्रवार को एक विशेष साक्षात्कार में पीटीआई से कहा, जब आपके पास संसद के सौ से अधिक सदस्य एक ही ईवीएम का उपयोग करते हैं और आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में मनाते हैं तो आप कुछ महीनों बाद यह नहीं कह सकते कि...हमें ईवीएम पसंद नहीं है, क्योंकि अब चुनाव नतीजे उस तरह नहीं जा रहे हैं जैसा हम चाहते हैं।

जब अब्दुल्ला से कहा गया कि वह संदेहास्पद रूप से भाजपा प्रवक्ता की तरह लग रहे हैं तो उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, भगवान न करे! फिर उन्होंने कहा, नहीं, यह बस इतना ही है... जो सही है वह सही है।

## राहुल गांधी की प्रेरणा का स्त्रोत विदेश है

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कांग्रेस नेता पर तंज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मुद्दों को उठाने की राहुल गांधी की प्रेरणा का स्त्रोत विदेश है। जब भी संसद का सत्र होता है तो राहुल गांधी विदेश से एक नए मुद्दे के साथ लौटते हैं। अमित शाह ने एक टीवी कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी पर तंज कसा।

अमित शाह ने कहा कि मुझे नहीं पता कि राहुल गांधी को हर बार प्रेरणा विदेश से मिलती है। इस देश में कैग है, विजिलेंस आयुक्त है, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट हैं, लेकिन इनकी तरफ से कभी आरोप नहीं आते। हर बार जब भी संसद का सत्र होता है, तो हमेशा विदेश से ही आरोप आते हैं और वे (राहुल गांधी) उनकी बात करते हैं। उनकी प्रेरणा का स्त्रोत विदेश से आता है, जिससे मुझे हैरानी भी नहीं होती। मुझे पता है कि उन्हें विदेश से ही प्रेरणा क्यों मिलती है। अमित शाह का यह बयान अदाणी मामले के संदर्भ में माना जा रहा है। अमेरिकी सरकार के एक विभाग ने भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और उनकी कंपनी के कई लोगों पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप लगाए थे। इस मुद्दे पर भारत में खूब हंगामा हुआ और संसद के सत्र में अभी भी इस मुद्दे पर कांग्रेस चर्चा की मांग पर अड़ी है।

वहीं भाजपा ने भी ओसीसीआरपी की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस और गांधी परिवार को घेर लिया है। दरअसल फ्रांस के एक मीडिया वेबसाइट ने खुलासा किया है कि संगठित अपराध पर ओसीसीआरपी की रिपोर्ट, अमेरिकी सरकार और अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस का संबंध है। भाजपा ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार की कई ट्रस्ट को जॉर्ज सोरोस की ओपन फाउंडेशन द्वारा फंडिंग की गई। भाजपा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी भी भारत को अस्थिर करने वाले ट्रायंगल जॉर्ज सोरोस, अमेरिका और ओसीसीआरपी का हिस्सा हैं।

## समुद्र कूप तीर्थ में बन रहे स्विस कॉटेज

**प्रयागराज।** महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालुओं के लिए समुद्र कूप तीर्थ क्षेत्र में निजी कंपनी 40 स्विस कॉटेज तैयार करा रही है। सिंगल बेड वाले कॉटेज के लिए प्रतिदिन का किराया 25 हजार और डबल बेड वाले का 40 हजार रुपये रखा गया है। यह कॉटेज 13 जनवरी के प्रथम स्नान से 20 फरवरी तक उपलब्ध रहेंगे। पुरानी झूंसी के गंगा तट स्थित समुद्र कूप तीर्थ आश्रम में इन दिनों विदेशी भक्तों के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। समुद्र कूप से जुड़े आशीष पांडेय बताते हैं कि सनातन धर्म को समझने के लिए स्विट्जरलैंड,



इटली, अमेरिका, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, रूस, फ्रांस, तुर्किये, दक्षिण अफ्रीका जैसे कई देशों से लोग आते रहे हैं। इस बार भी कई देशों के मेहमान आ रहे हैं। इनके लिए राजस्थान, दिल्ली और महाराष्ट्र के दक्ष कारीगर कॉटेज बना रहे हैं। ऐसे कॉटेज पहली बार 2019 के कुंभ में बने थे। चार बीघा क्षेत्र में पुणे की कंपनी तीन महीने से इनका निर्माण करा रही है।

## जनता को गुमराह कर रही दिल्ली सरकारः पुरी

**दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने के आरोप पर पलटवार किया है। उन्होंने रविवार को एक्स अकाउंट पर डाली गई एक पोस्ट में लिखा है कि मेरे पुराने ट्वीट को सोशल मीडिया पर डाल जो आरोप लगाए जा रहे हैं झूठे और जनता को भटकाने वाले हैं। क्योंकि उसी दिन एक दूसरे ट्वीट के माध्यम से अवैध रोहिंग्या प्रवासियों को लेकर स्थिति को स्पष्ट कर दिया गया था। इसके बाद भी आम आदमी पार्टी ने उसे अनदेखा किया। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे लिखा है कि जब से दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ अभियान शुरू हुआ है तब से पनाह देने वालों का दर्द और बढ़ गया है।

## उप राष्ट्रपति ने किया देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

**भोपाल।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का रविवार को उद्घाटन किया। ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्याधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने पट्टिका का अनावरण कर एवं म्यूजियम के प्रवेश द्वार पर फीता काटकर देश के पहले अत्याधुनिक जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन किया। साथ ही ग्वालियरवासियों को इस अनूठी सौगात की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अतिथियों के साथ म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों में दर्शाए गए भू-विज्ञान से संबंधित चित्रों, कलाकृतियों एवं जानकारियों को देखा एवं म्यूजियम की सराहना की।

## शीतलहर की चपेट में अमरकंटक, जमी बर्फ की सफेद चादर

**अमरकंटक**

अमरकंटक में रविवार सुबह नर्मदा तट से लगे हुए मैदान पर बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई नजर आई। इसके साथ ही नर्मदा तट से लगा हुआ पूरा क्षेत्र कोहरे से ढका हुआ रहा। यहां तापमान अभी से ही दो से तीन डिग्री सेल्सियस पर पहुंच आया है।

मध्यप्रदेश का प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल अमरकंटक कड़ाके की ठंड का सामना कर रहा है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र शीतलहर की चपेट में है और तापमान शून्य के आसपास पहुंच गया है। रविवार सुबह अमरकंटक के नर्मदा तट पर घास में बर्फ की सफेद चादर बिछ गया था। शाम



होते ही ठंड का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं। ठंड से राहत पाने के लिए, स्थानीय लोग और तीर्थयात्री अलाव जलाकर और गर्म चाय का सहारा ले रहे हैं। सुबह और शाम अलाव जलाने का चलन बढ़ गया है।

अमरकंटक में सर्दियों के मौसम का आनंद लेने के लिए पर्यटन पहुंच रहे हैं। पर्यटक ठंड के इस मौसम का आनंद ले रहे हैं, जबकि स्थानीय निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अमरकंटक में दिसंबर और जनवरी के महीने में तापमान अक्सर शून्य या उससे भी नीचे चला जाता है, जिससे घास, फूल-पत्तियों और यहां तक कि बाहर रखा पानी भी जम जाता है। पूरा क्षेत्र मानो सफेद चादर में लिपटा हुआ प्रतीत होता है। अमरकंटक की इस कड़ाके की ठंड ने क्षेत्र को अनोखा प्राकृतिक सौंदर्य तो दिया है, लेकिन इसके साथ ही कठिन परिस्थितियां भी उत्पन्न की हैं।

शीतलहर और बढ़ते ठंड के प्रकोप से अमरकंटक नगर ठिठुर रहा है। जहां स्थानीय लोग और तीर्थयात्री ठंड से बचने के लिए अपने स्तर पर अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं, नगर प्रशासन की ओर से अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ठंड से जूझ रहे लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। कड़ाके की ठंड में गरीब और बेसहारा लोगों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शीतलहर के कारण ओस जमने लगी है और तापमान शून्य के करीब है। ऐसे में ठंड से बचाव के लिए नागरिक प्रशासन की सक्रियता जरूरी है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से ठंड से निपटने के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की है। सीएमओ,अमरकंटक भूपेंद्र सिंह ने कहा, सर्दियों से राहत के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है।

# लोक अदालत में नगर निगम व बिजली के काउंटर पर उमड़ी भीड़

## जिला न्यायालय परिसर में हुआ शुभारंभ, फिर काउंटरों पर हुआ हिसाब-किताब

**सिंगरौली।** नेशनल लोक अदालत का शनिवार को वैढन् के जिला न्यायालय में आयोजन किया गया। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरएन चंद की मौजूदगी में अन्य न्यायाधीशों ने सुबह 11 बजे न्यायालय परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। इसके बाद सामुदायिक भवन सहित पार्किंग स्थल पर लगाए गए स्टॉलों पर लोगों की आवाजाही शुरू हो गई। जिसमें सबसे अधिक भीड़ बिजली कंपनी व नगर निगम के काउंटर पर रही, जबकि बैंक वालों की स्टॉल इक्का-दुक्का लोग ही पहुंचे। न्यायालय परिसर में खड़े माड़ा के ग्राम सुलियारी के विनोद शाह के पास उनकी पत्नी संगीता निवासी ग्राम झलरी, खड़ीं थीं। विनोद ने बताया कि हमारी शादी को 5 साल हो गए तथा हमारा 4 साल का एक बेटा भी है। हम कोई



नशा तक नहीं करते तथा अपने परिवार व पत्नी-बच्चों के साथ खुश थे। हमारी पत्नी की जिंदगी में पड़ौस का एक व्यक्ति आ गया, जिस वजह से हमारे बीच में विवाद हो गया था। हमने महिला थाने में शिकायत की थी, फिर लोक अदालत में आवेदन दिया कि यदि वो हमारे साथ रहना चाहती है तो ठीक है, वरना हमें आजाद कर दो। अब वो हमारे साथ रहने को तैयार हो गई है। लोक अदालत में हमारे बीच समझौता हो जाएगा। वैढन् के वार्ड 21 के घुरीताल में रहने वाली रिटायर्ड नर्स मोडेस्टा टोप्पो अपने हाथ में लोक अदालत का नोटिस व बिजली का बिल लेकर आईं थीं। उनका कहना है कि हमारे घर के ऊपरी हिस्से में जब किराएदार नहीं थे, तब एक तार खंबे पर लगा हुआ था, जिसका उपयोग नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हमारे घर व किराएदार का अलग-अलग मीटर है, जिसका हम हर महीने बिल भुगतान कर रहे हैं। एक बार हमने चंदा देने से मना कर दिया, तो हमारे विरोधियों ने बिजली वालों को भेजकर हमारे यहां बिजली चोरी का केस बनवा दिया। अब हमें 85 हजार का बिल देकर घर की लाइट काट दी है।

### बिजली कंपनी तोड़ रही संयुक्त परिवार

रिलायंस कंपनी के पास सासनटूसा गांव में रहने वाले धृतराष्ट्र दुबे भी अपने भाई के साथ लोक अदालत का नोटिस लेकर आए थे। उनका कहना है कि हम तीन भाई हैं, जो एक ही घर में रहते हैं। हमारा ग्रामीण क्षेत्र का कनेक्शन है, इसलिए हर महीने दो-ढाई सौ रुपए का बिजली बिल आता है, जिसे हम हर माह जमा भी कर रहे थे। एक दिन बिजली कंपनी वाले आए और हमसे कहा कि तीनों भाई अलग-अलग मीटर लगवाओ तथा हमें 9 हजार रुपए का बिजली बनाकर दे गए। यह भाई इसी बात से परेशान है कि बिजली कंपनी हम भाईयों का संयुक्त परिवार क्यों तोडऩा चाहती है।

### नेशनल लोक अदालत में 1200 मामले निराकृत, 3.46 करोड़ के अवार्ड पारित

सिंगरौली में आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत में शनिवार को 1200 मामलों का निराकरण किया जाकर 3.46 करोड़ के अवार्ड पारित हुए। इसमें 1920 लोगों को लाभ हुआ। इसमें प्री-लिंटीगेशन के 4750 केस आए, जिनमें से 857 मामलों का निराकरण करके 10938540 रुपए के अवार्ड पारित हुए तथा 1135 लोग लाभान्वित हुए। वहीं लोक अदालत में 5594 केसों में से 343 मामलों का निराकरण किया गया। इसमें 23697295 रुपए के अवार्ड पारित हुए, तथा इसमें 785 लोग लाभान्वित हुए।

# कॉम्बिंग गश्त में 204 आरोपियों पर पुलिस ने की कार्यवाही

## कॉम्बिंग गश्त में वारंट, अवैध शराब, गुंडा बदमाश, ईनामी आरोपियों, वाहन चेकिंग आदि प्रभावी कार्यवाहियां की गई



**सिंगरौली।** 14-15 दिसम्बर 2024 की मध्यरात्रि को 300 से अधिक पुलिस कर्मियों की अलग अलग टीमों ने नाइट कॉम्बिग गश्त के दौरान स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, इनामी बदमाशों, जिला बदर व इनामी,गुण्डा,निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करते हुए 204 आरोपियों पर कार्यवाई की गई।

जिले में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में एवं अनुभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियो की अलग अलग टीमें बनाकर एवं उन्हे ब्रीफ कर नाइट कॉम्बिंग गश्त की। रात भर चली इस कार्यवाही में लगभग 6 घण्टे में 55 गिरफ्तारी वारंटी आरोपी गिरफ्तार किए हैं। 7 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 67 निगरानी बदमाश , 74 गुण्डा बदमाश को चेक किया गया तथा 1 आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर शराब जब्त की गई। इस दौरान शहर एवं कस्बों में एटीएम एवं बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण एवं सुरक्षा गार्ड को भी चेक किया गया। रात्रि कॉम्बिग गश्त के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी प्रभारीगणों नें पेट्रोलिंग कर प्रमुख चौक-चौराहों पर आने जाने वालों से पूछताछ की। इस दौरान बेवजह घूमते पाये गये युवकों को पुलिस अधिकारियों ने समझाइश दी, वही परिवारजन के साथ सफर कर रहे व्यक्तियों को कोई दिक्कत ना हो उसका भी ध्यान रखा गया। यह कार्यवाही पूरे जिले में एक साथ की गई।

# विधायक, कलेक्टर व आयुक्त ने शहर का किया भ्रमण, अलावों की व्यवस्था का किया निरीक्षण



**सिंगरौली।** सिंगरौली विधान सभा के विधायक रामनिवास शाह एवं जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने शहर के सार्वजनिक स्थलों में जलाए जा रहे अलाव का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया तथा नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि ठंड को मद्देनजर रखते हुए सभी प्रमुख स्थलों पर अलाव जलवाए जाएं ताकि आम जन मानस को ठंड से राहत मिल सके। विधायक एवं कलेक्टर ने बस स्टैंड पहुंच कर अलाव का निरीक्षण किए। वही अलाव का आनंद ले रहे लोगों से चर्चा किए। तत्पश्यात आश्रय स्थल पहुंच कर आश्रय में रहने वाले बुजुर्गों के लिए ठंड से बचाव के लिए की गई व्ययस्था अवलोकन किया एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि खिड़कियों में जाली लगाई जाना सुनिश्चित करें। विधायक एवं कलेक्टर ने सब्जी मंडी पहुंच कर सब्जी एवं दल आदि बिक्री करने वाले व्यापारियों से हुआ चर्चा कर उनका हलचल जाना। व्यापारियों के मांग के अनुसार सब्जी मंडी में शौचालय के निर्माण सहित सुरक्षित ऑटो स्टैंड तैयार करने हेतु विधायक द्वारा निर्देश दिया गया । वही यह भी निर्देश दिया गया कि बस स्टैंड में लंबी समय से खड़ी बसों को वहां हटाया जाए। भ्रमण के दौरान नगर निगम आयुक्त डी के शर्म उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में होगी नेशनल कबड्डी

## मध्य प्रदेश से खेलेंगे सिंगरौली के सुखचैन शुक्ला

## राज्य की इस टीम में लगातार तीसरी बार चयनित होकर जिले का नाम किया रोशन

**सिंगरौली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 3 से 8 जनवरी तक ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें देशभर से विभिन्न राज्यों की कबड्डी टीम में हिस्सा लेगी।विभिन्न राज्यों की टीमे प्रदीप नरवाल, दीपक हुडा, संदीप नरवाल इंटरनेशनल व नेशनल खिलाड़ियों से सुसज्जित रहेगी। ऐसे में इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की जो टीम हिस्सा लेगी। उस टीम का गठन कर लिया गया है और राज्य की इस टीम में सिंगरौली जिले के होनहार खिलाड़ी सुखचैन शुक्ला का भी चयन किया गया है। अहम बात यह भी है कि सुखचैन शुक्ला राज्य की इस टीम में लगातार तीसरी बार चयनित होकर जिले का नाम फिर से रोशन किया है। श्री शुक्ला ने बताया कि राज्य की टीम का चयन शिविर भोपाल के टीटी नगर में स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में 7 दिसंबर को आयोजित हुआ था। जिसमें उनका चयन किया गया। उन्होंने बताया कि यूपी के प्रयागराज में स्थित त्यागराज स्टेडियम में ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### कई उपलब्धियां कर चुके हैं हासिल

बता दे की सुखचैन शुक्ला जिले के कबड्डी के खिलाड़ियों की प्रतिभा तरासने के कार्य से भी लंबे समय से जुड़े हुए हैं।सिंगरौली कॉरपोरेशन कबड्डी संघ के कोच के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा वह 70वीं नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में एमपी की सीनियर टीम के कोच भी रह चुके हैं। इसके साथ ही स्टेट चैंपियनशिप में महिला वर्ग की सीनियर जूनियर टीमों के कोच के अलावा रेफरी की भी भूमिका निभा चुके हैं।




### खेल प्रेमियों में खुशी की लहर

सुखचैन शुक्ला जिले में सिंगरौली तहसील कार्यालय में कार्यरत है।नेशनल प्रतियोगिता के लिए राज्य की टीम में उनके चयनित होने से अपने परिचितों व परिक्षेत्र के अन्य खेल प्रेमियों में खुशी की लहर हैं। एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा, एसडीएम सीधी नीलेश शर्मा, तहसीलदार प्रीति सिकरवार, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ विनोद राय, अमित राज, अध्यक्ष कबड्डी संघ आईपी सिंह, सचिव कबड्डी संघ पंकज सिंह, अध्यक्ष कुश्ती संघ एसडी सिंह सहित उर्मिला शुक्ला, सौरभ शोभिक शुक्ला, राम सजीवन शाह, स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रदीप कछवाहा, शिवराज सिंह, जयराम सिंह, विजय सिंह व अन्य ने सुखचैन शुक्ला की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# एनसीएल ने चरक-कम्युनिटी हेल्थ ए रिस्पोंसिव एक्शन फॉर कोयलांचल योजना का किया शुभारंभ

**सिंगरौली।** कोयला मंत्रालय के निर्देशन में रविवार को सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने अभिनव सीएसआर पहल चरक- कम्युनिटी हेल्थ ए रिस्पोंसिव एक्शन फॉर कोयलांचल की शुरुआत की। कंपनी की सीएसआर नीति के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य एनसीएल की परिचालन परिधि में निवासरत चिह्नित गंभीर जानलेना बीमारियों से ग्रस्त ऐसे मरीज जो आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) हैं, का निः शुल्क उपचार करना है। ऐसे चिह्नित रोगों से ग्रस्त मरीज जिनकी सभी स्त्रोतों से कुल वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम है वो इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल बी. साईंराम ने चरक योजना का शुभारंभ करते हुए इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही अपने उद्बोधन में साईराम ने सिंगरौली परिक्षेत्र की भौगोलिक चुनौतियों के आलोक में यहां निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर समुदाय के लिए इस योजना की उपयोगिता को विस्तार से रेखांकित किया।चरक योजना के तहत, एनसीएल अपने केंद्रीय चिकित्सालय (एनएससी) अथवा बाहरी इंपैनल्ड विशेष अस्पतालों में चिह्नित गंभीर जानलेवा बीमारियों का मुफ्त इलाज प्रदान करेगा। इस योजना के तहत कैंसर, टी.बी., एचआईवी, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण, विकलांगता, लीवर विकार, हियरिंग डिसऑर्डर, एआरडीएस, तीव्र सर्जिकल आपात स्थिति, तंत्रिका संबंधी विकार, न्यूरोवैस्कुलर विकार, आकस्मिक आघात, गंभीर विकलांगता, मल्टीसिस्टम विकार, अचानक दृष्टिहीनता जैसी बीमारियों का इलाज संभव हो पाएगा।एनसीएल की चरक योजना के माध्यम से कोयलांचल के आर्थिक रूप से असमर्थ परिवारों को उच्च चिकित्सा सुविधाएं एवं नव जीवन मिलेगा।



# केंद्रीय विद्यालय जयंत कोलियरी में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**सिंगरौली।** केंद्रीय विद्यालय संगठन के 62वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आज केंद्रीय विद्यालय जयंत कॉलियरी में भव्य समारोह का आयोजन किया गया । जैसा कि हम सब जानते हैं कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना 15 दिसंबर सन 1963 में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य सेना या सिविल क्षेत्र में कार्यरत केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आज के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सिंह भदौरिया रहे।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु शिविर का होगा आयोजन

## सभी तहसीलों में लगाई जाएंगे जनकल्याण शिविर

**सिंगरौली।** मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश अनुसार फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत 16 दिसंबर 2024 को शिविर का आयोजन किया जाना है । उक्त निर्देशों के तारतम्य में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत लगने वाले शिविरो मे राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही संपन्न करने हेतु जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने तहसीलवार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कार्यक्रम के संबंध में निर्देश दिए है कि संबंधित शिविर प्रभारी, पटवारी, सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता के सहयोग से निर्धारित स्थान एवं दिनांक पर फार्मर रजिस्टी हेतु कैम्प आयोजित करेगे । जिसमे उस पंचायत / हल्के के किसानो की फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जायेगा । उन्होंने यह निर्देश दिया कि संबंधित पटवारी निर्धारित शिविर दिनांक को आने वाले अनुमानित किसानो की संख्या के आधार पर पंजीकरण हेतु आवश्यक कम्प्यूटर उपकरण एवं अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करें । उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी उक्त आदेशानुसार छूटे हुए किसानों एवं नए किसानों की आई.डी अनिवार्य रूप से बनाए , सभी जनकल्याणी योजनाओं से लाभान्वित करवाए । साथ ही कार्यवाही करते हुए प्रतिदिन की प्रगति से संबंधित नोडल अधिकारी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मे 70 लोगों ने किया रक्तदान



**सिंगरौली।** अमिलिया कोल माइनिंग लिमिटेड में ब्लड डोनेशन (रक्तदान) शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के सहयोग से किया गया।शिविर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी से डॉ. संदीप सिंह और उनकी टीम के सदस्य शामिल हुए। उन्होंने लगभग 100 व्यक्तियों के हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप की जांच की और 70 लोगों से रक्त संग्रह किया। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना है । कार्यक्रम में अमिलिया कोल माइनिंग लिमिटेड के प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें उमेश महतो (हेड माइनिंग सर्विसेस), राम लखन सिंह (ऑपरेशन हेड), विश्लेष नागर (एचआर हेड) कुलमणि महाकुद (वेलफेयर ऑफिसर) जितेंद्र श्रीवास्तव (सहायक जनरल मैनेजर, लैंड, आरएंडआर, सीएसआर), अभिषेक श्रीवास्तव (मैनेजर, सीएसआर, बंधा माइन), राम आशीर्वाद पाटिल (असिस्टेंट मैनेजर, एचआर), अभिषेक शुक्ला (असिस्टेंट ऑफिसर, आईआर), सुनील सोनी (फार्मासिस्ट)फर्स्ट एड सेंटर की टीम ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम में हेड ऑफिस कोलकाता से संजय वेद और प्रसून सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही।इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक बनाया। रक्तदान जैसे सामाजिक सरोकार के प्रति सभी का यह योगदान सराहनीय है।

# ग्रामों में अधोसंरचना सहित सभी क्षेत्रों में होगा सर्वांगीण विकासः विश्वामित्र

## ग्राम पंचायत लौआ में कई निर्माण कार्यों का सिहावल विधायक ने किया लोकार्पण

**सिंगरौली।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा ग्रामों में शहरों की तरह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की है।ग्रामों में स्कूल, बिजली, पानी, सड़क , हॉट बाजार स्वरोजगार सहित सभी अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। उक्त आशय के विचार मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत लौआ में कई निर्माण कार्यों के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किए। विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ग्राम पंचायत लौआ में रानी कुमारी सीएलएफ भवन, आंगनवाड़ी भवन केंद्र लौआ क्र02, सामुदायिक परिसर चबूतरा में टीनशेड, देवी मंदिर परिसर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं रानी कुमारी मंदिर परिसर में स्टेज निर्माण का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक के कर कमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विधिवत पूजा पाठ, मंत्रोच्चार एवं शिला पट्टिका अनावरण के साथ लोकार्पण संपन्न हुआ। रानी कुमारी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात पंचराज वर्मा सरपंच द्वारा नवनिर्मित भवनों के निर्माण में क्षेत्रीय विधायक द्वारा किए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि आज जिन भवनों का लोकार्पण हुआ क्षेत्र के विकास पुरुष क्षेत्रीय विधायक के दिशानिर्देश पर ही संभव हो पाया है। क्षेत्रीय विधायक ने अपने उद्बोधन में ग्राम पंचायत लौआ एवं सीएलएफ रानी कुमारी द्वारा समय सीमा में कराए गए कार्यों के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि भवनों के निर्माण से ग्राम पंचायत के लोगों को आवश्यक सेवाएं सुविधाजनक ढंग से मिल सकेंगी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं आप लोग शिविरों में उपस्थित होकर योजनाओं में पात्रतानुसार आवेदन करें एवं योजनाओं से लाभान्वित हो। क्षेत्रीय विधायक ने सीएलएफ दीदियों एवं सरपंच की मांग पर मंदिर परिसर में आवश्यक स्थानों एवं सीएलएफ परिसर में बाउंडीवाल निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा की । इस अवसर पर शशिकला पाठक जनपद सदस्य, शिव कुमारी जायसवाल मंडल अध्यक्ष मयापुर, अशोक शुक्ला, उषा गोपाल पटेल, सी पी तिवारी तहसीलदार बहरी, राकेश सिंह बैंस टीआई बहरी, इंद्रभान सिंह नायब तहसीलदार , अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, अखिलेश तिवारी एनआरएलएम, अतुल मिश्रा एसडीओ आरईएस, सरपंच, सचिव, आजीविका मिशन की बहनें एवं बड़ी संख्या मे गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय लोकगायन, लोकनृत्य व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में छह दिवसीय सांस्कृतिक-अकादमिक गतिविधियों का समापन शनिवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से हुआ। महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में हो रहे इस आयोजन में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने लोकनृत्य, लोक गायन व भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया। लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को हुआ जिसमें शासकीय महाविद्यालय मड़वास, मझौली व सिहावल प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय मड़वास को, द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय मझौली को तथा तृतीय स्थान शासकीय महाविद्यालय सिहावल को प्राप्त हुआ। यह प्रतियोगिता डॉ. विनोद कुमार साकेत सहायक प्राध्यापक हिन्दी के संयोजकत्व में आयोजित हुयी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. दिलीप कुमार सोनी सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी, डॉ. अमृता सिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र तथा डॉ. यज्ञप्रताप साहू अतिथि विद्वान गणित रहे। लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को हुआ जिसमें शासकीय महाविद्यालय मड़वास, रामपुर नैकिन, खड्डी, मझौली, सिहावल, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी तथा टाटा कॉलेज सीधी के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी को, द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय मड़वास को तथा तृतीय स्थान शासकीय महाविद्यालय मझौली को प्राप्त हुआ। उक्त प्रतियोगिता के संयोजक डॉ विनोद कुमार साकेत विभागाध्यक्ष हिन्दी रहे तथा निर्णायक की भूमिका में डॉ.कोमल पाण्डेय अतिथि विद्वान समाजशास्त्र, डॉ. आशुतोष पाण्डेय अतिथि विद्वान राजनीति विज्ञान एवं डॉ दिलीप कुमार सोनी सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी रहे। जिला स्तरीय सांस्कृतिक अकादमिक गतिविधियों के आयोजन के अंतिम दिवस शनिवार को भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित हुयी। यह प्रतियोगिता डॉ. राकेश कुमार प्रजापति सहायक नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं डॉ. अश्विनी द्विवेदी विभागाध्यक्ष इतिहास के संयोजक में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जिले के कुल आठ शासकीय व शासकीय महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय खड्डी को, द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय रामपुर नैकिन को तथा तृतीय स्थान शासकीय महाविद्यालय सिहावल को प्राप्त हुआ।

उक्त तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय स्तर पर विविध विधाओं में प्रथम, वित्तीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस पर डॉ. आई. पी. प्रजापति प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मड़वास तथा डॉ पी के सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी ने प्रतिभागियों को आशीष वचन प्रदान किया।

सांस्कृतिक अकादमिक गतिविधियों के समापन के अंतिम दिवस पर डॉ. राकेश कुमार प्रजापति सहायक नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आजीविका मिशन से महिलाएं आर्थिक रूप से हो रही सशक्त : विश्वामित्र

## विधायक ने सीएफएल भवन का किया लोकार्पण





**सीधी।** स्व सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो यह हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी दिशा में माँ रानी कुमारी संकुल स्तरीय संगठन को सीएलएफ भवन की सौगात दी गई जिससे आजीविका मिशन की समूह की बहने बैठकर अपनी विकास गाथा लिख सके। अभी इनके पास अपना भवन न होने के कारण यहाँ वहाँ भटकना पड़ता था अब ऐसा नहीं होगा। उक्त बातें विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक द्वारा ग्राम लौआ में संकुल भवन के उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन से जुड़ी समूह की महिलाये अच्छा कार्य कर रही हैं। हम अपनी तरफ से इन बहनों को हर संभव मदद करेंगे जिससे सभी महिलाएं आजीविका के स्थाई कार्य कर आत्मनिर्भर हो। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य शशि कला ने समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं दी। मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा 10 लाख रुपये की लागत से सीएलएफ भवन का निर्माण कार्य कराया गया है।

उक्त कार्यक्रम में अतुल कुमार मिश्रा एसडीओ, कामता तिवारी बीपीओ, अखिलेश त्रिपाठी विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन, अनुसूया बाजपेई परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, राहुल शुक्ला एबीएम एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# कुसमी में हुआ चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन



**सीधी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केन्द्र सीधी के निर्देशन में विकासखंड कुसमी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टमसार में दिव्यांग छात्रों का शिविर दिनांक 14 दिसंबर को आयोजित किया गया जिसमें कुल पंजीकृत छात्र 109 उपस्थित हुए। जिसमें 9 छात्रों का मेडिकल प्रमाण पत्र बनाया गया और 36 छात्र उपकरण के लिए चिन्हित किए गए। एलिम्को टीम से आए हुए विशेषज्ञ द्वारा अलग-अलग छात्रों का परीक्षण कर ट्राय साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एंड, स्मार्ट कैन, एमआर किट, बैसाखी, कैलीपर, आदि सहायक उपकरण दिव्यांगों की आवश्यकता अनुसार चिन्हित किया गया। इस चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीराबाई सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती जमुनी बाई एवं जिला शिक्षा केंद्र सीधी से सहायक परियोजना समन्वयक रजनीश श्रीवास्तव, बीआरसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, प्राचार्य टमसार रामपाल सिंह, एमआरसी विवेक मिश्रा, एमआरसी सुदामा पटेल, नीलेश विश्वकर्मा एवं विकासखंड समस्त जन शिक्षक, शिक्षक एवं दूर-दूर से आए हुए दिव्यांग छात्रों को लेकर दिव्यांग बच्चों के अभिभावक शिविर में उपस्थित रहे।

शिविर में आए हुए सभी बच्चों को भोजन एवं यात्रा देयक की भी व्यवस्था की गई थी। शिविर समाप्ति के पश्चात बीआरसी कुसमी द्वारा एलिम्को जबलपुर की टीम, मेडिकल टीम, शिविर में सहयोग करने वाले समस्त शिक्षकों, अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया गया।

# जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद की स्वच्छता टीम के बीच स्वच्छता क्रिकेट मैच आयोजित



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में स्वच्छता जागरूकता के लिए रविवार को छत्रसाल स्टेडियम सीधी में जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद की स्वच्छता टीम के बीच स्वच्छता क्रिकेट कप आयोजित किया गया। रोचक मुकाबले के बीच खेले गए मैच में जिला प्रशासन की टीम ने विजय हासिल करते हुए स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया। नगर पालिक परिषद सीधी की टीम ने कड़ी चुनौती प्रस्तुत की। मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बल्लेबाज विजेता टीम के डीएफओ राजेश खन्ना एवं बेस्ट बॉलर जिला पंजीयक अभिषेक सिंह रहे। 15-15 ओवर का स्वच्छता क्रिकेट कप में जिला प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 166 रन एवं लक्ष्य का पीछा करते हुए नगर पालिका परिषद की स्वच्छता टीम ने 132 रन बनाए।

स्वच्छता क्रिकेट कप का मुख्य उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक अपने स्वच्छता के लिए जागरूकता एवं प्रेरित करना है। सभी उपस्थित खिलाड़ियों एवं लोगों ने यह शपथ ली कि हम सभी लोगों को स्वच्छता जागरूकता के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही स्वच्छता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान और स्वसहायता समूह द्वारा श्रीआर पार्क प्रदर्शनी लगाई गई।

जिला प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, वनमण्डलाधिकारी राजेश खन्ना, एसडीएम चुरहट शैलेश द्विवेदी, जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल, एचडीएफसी मैनेजर सत्येंद्र पटेल, पटवारी उपेंद्र सिंह, जयराम मीणा, देवेंद्र कुशवाहा, इन्द्र मिश्रा, अजीत तिवारी द्वारा सहभागिता की गई। नगर पालिका की स्वच्छता टीम की ओर से उपयंत्री अशोक मिश्रा, राघवभान सिंह, गौरव सिंह, आलोक सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, विश्वास चतुर्वेदी, राजेंद्र भारती, विनोद सिंह, मनोज चौबे, शिव भारती एवं रोहित रावत द्वारा सहभागिता की गई।

सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज ने समस्त नागरिकों से अपील किया कि अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आसपास गंदगी ना फैलाये, घरों के गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन रखे, कचरा नगर पालिका की कचरा वाहन मे ही डाले, पालीथीन का उपयोग नहीं करें एवं सीधी शहर को स्वच्छ-स्वस्थ-सुंदर शहर बनने मे सहयोग करें।

स्वच्छता क्रिकेट कप में अध्यक्ष नगर पालिका काजल वर्मा, समाजसेवी डॉ अनूप मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विंध्य की बेटी मान्या को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

## सरसी आइलैंड में 51 हजार और गिफ्ट देकर किया गया सम्मान



**सीधी।** शहडोल जिले के सरसी आइलैंड के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विंध्य की बेटी राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को 51 हजार एवं गिफ्ट देखकर सम्मानित किये और खाट में बैठकर बघेली लोक गीतों का लुफ्त उठाये। सरसी आइलैंड परिसर में आयोजित स्थित इमली के पेड़ के नीचे बघेली लोक गीतों की महफिल मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा सजाई गई थी। वहीं इमली के पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री के बैठने के लिए देशी खाट की व्यवस्था की गई थी। जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, शरद कोल विधायक ब्यौहारी, प्रबधंक संचालक मप्र पर्यटन विकास निगम इल्लैया राजा आदि ने बैठकर मान्या पाण्डेय के लोकगीतों का आनंद उठाये। मान्या पाण्डेय का सीएम विंध्य को रहे सजाय, सब रहेगें सुख और चैना, मोहन यादव सबको भाय, सब रहेगें सुख और चैना गीत मुख्यमंत्री को काफी पसंद आया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मान्या पाण्डेय का हालचाल पूंछा और अन्य विषयों पर चर्चा की और कहा कि विंध्य की बेटी प्रतिभावान लोक गायिका हैं जो प्रदेश सरकार की योजनाओं को अपने गीतों के द्वारा जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। मैं मान्या को सीएम हाउस बुलाकर सम्मानित कर चुका हूं और आगे भी ऐसी प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करता रहूंगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बताये कि मान्या पाण्डेय बहुत छोटी सी उम्र से बघेली लोकगीत गा रही हैं और ये हमारे विंध्य की खाशी चर्चित लोक गायिका हैं जो प्रदेश सरकार की योजनाओं का अपने गीतों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करती रहती हैं और इनके गाये विकास गीत आम जनता को काफी पसंद आते हैं। विंध्यवासी इन्हें काफी पंसद करते हैं। इस दौरान ब्यौहारी विधायक शरद कोल ने बताया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र एवं शहडोल संभाग में मान्या पाण्डेय के लोकगीत काफी सुने और पसंद किये जाते हैं। यह हमारे विंध्य की शान है और हम लोगों को अपनी बेटी पर गर्व है। मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय का बायोडाटा लिये और कहा कि संस्कृति विभाग पूरे प्रदेश में आपके लोक गीतों की प्रस्तुति करायेगी, ताकि आप जैसी प्रतिभावान गायक के गीत लोग सुन सकें और अपने परम्परागत लोकगीतों से अवगत हो सकें, तो वही मप्र पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक इल्लैया राजा ने कहा कि मान्या पाण्डेय हमारे एमपीटी की लोक गायिका बन चुकी हैं और एमपीटी के जहां भी ऐसे कार्यक्रम होगें वहां उनके गीतों की प्रस्तुति कराई जायेगी।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 1012 प्रकरणों का निराकरण

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 14 दिसंबर 2024 को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय, न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है जिससे समय एवं धन की क्षति रूकती है और मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकारों को मदद होती है। श्री पाण्डेय ने अधिवक्तागण से प्रकरणों का जल्दी निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित किया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में समझौता कराते समय अपने सामाजिक दायित्व का ध्यान रखे। न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह लोक अदालत इस वर्ष की चौथी लोक अदालत है और लोक अदालत को सफल बनाने में वकीलों का अहम योगदान रहा है।

# अतिथि विद्वान संघ जिला इकाई सीधी ने जनप्रतिनिधियों को सौप अनुरोध पत्र



**सीधी।** ज्ञात हो कि प्रदेश स्तरीय अतिथि विद्वान संघ द्वारा गूगल मीट की सहायता से प्रदेश स्तरीय मीटिंग हुई जिसके पहले चरण में सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया कि मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ 14 एवं 15 दिसंबर को जिले के जनप्रतिनिधियों मंत्री एवं विधायकों को एक अनुरोध पत्र देना है। साथ ही यह निवेदन करना है कि जिस तर्ज पर हरियाणा सरकार ने महाविद्यालय में पढ़ा रहे अतिथि विद्वान प्राधयापको को नियमित किया है, इसी तरह मध्य प्रदेश की अतिथि विद्वानों को भी नियमित करने का कष्ट करें। अतिथि विद्वानों का भविष्य सुरक्षित करें सरकार को इसी संबंध में 14 दिसंबर को माननीय मंत्री श्रीमती राधा सिंह राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन से सीधी जिला प्रतिनिधि डॉ बृजेश सिंह चौहान द्वारा संपर्क किया गया तो माननीय मंत्री महोदया भोपाल में थी तो फोन से चर्चा की गई तो माननीय ने कहा कि आप अपने संघ का अनुरोध पत्र मेरे मोबाइल में भेज दीजिए। इसी के साथ सियावल विधायक विश्वामित्र पाठक से सीधी की टीम मिलकर मांग पत्र दिया गया साथ ही धौहनी विधायक कुंवर सिंह भोपाल में होने से सीधी टीम द्वारा फोन से बात करके मोबाइल में भेज दिया गया। अनुरोध पत्र इसी कड़ी में दूसरे दिन 15 दिसंबर को सीधी विधायक श्रीमती रीति पाठक से मुलाकात कर अपना अनुरोध पत्र दिया गया साथ ही निवेदन भी किया गया की सभी सभी विद्वानों की तरफ से तथा माननीय द्वारा आश्वासन दिया गया कि मैं इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री महोदय से चर्चा करूंगी उक्त अवसर पर जिला इकाई सीधी के सभी सदस्य माननीया विधायक के बंगले में उपस्थित मुख्य रूप से डॉ बृजेश सिंह चौहान जिला प्रतिनिधि, डॉ सच्चिदानंद तिवारी, डॉ आका सिंह तिवारी, डॉ नवीन सिंह, डॉ दिलीप यादव, डॉ अनिलेश वर्मा, डॉ विभा कुशवाहा, डॉ कोमल पांडे, डॉ अनीता द्विवेदी, डॉ आकांक्षा द्विवेदी आदि काफी संख्या में सीधी जिले के समस्त अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।

# नाट्य उत्सव के दूसरे दिन कचरे की हिफाज़त और प्रश्न कुंडली का हुआ मंचन

**सीधी।** बैजनाथ सभागार सीधी में चल रहे तीन दिवसीय बहुभाषिक नाट्य उत्सव के के दूसरे दिन पहली प्रस्तुति सुप्रसिद्ध व्यंग्य नाटककार और पटकथा लेखक अशोक मिश्र द्वारा लिखित नाटक कचरे की हिफाज़त की हुई जिसमें बतौर अभिनेता अभिनय किया धीरज कुमार पुरोहित ने और निर्देशन किया था युवा रंग निर्देशक नीरज कुंदेर ने मंच परे प्रकाश संचालन लवजीत शर्मा और संगीत संचालन आशुतोष कुमार शुक्ल ने किया वहीं दूसरी प्रस्तुति सुप्रसिद्ध लेखिका गीता श्री द्वारा लिखित कहानी प्रश्न कुंडली की हुई जिसमें बतौर अभिनेत्री स्नेहा कुमारी ने चरित्र को जीवंत करने में सफल रही, निर्देशन नीरज कुंदेर ने किया था और प्रकाश सज्जा लवजीत शर्मा,संगीत संचालन आशुतोष शुक्ल तथा रूप सज्जा विनीता सिंह ने किया।

# शिक्षकों ने किया विकास प्रदर्शनी का अवलोकन

## प्रदर्शनी बहुत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी है : जिला शिक्षा अधिकारी



**सीधी।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला मुख्यालय और विकासखण्डों में चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्थानीय मानस भवन में स्कूल शिक्षा और आदिम जाति कल्याण विभाग के करीब 800 शिक्षकों द्वारा रविवार 15 दिसंबर को अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली गई।

डॉ सुजीत मिश्र एपीसी रमसा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुधार हेतु हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के सभी 210 हाई और हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों का विषय आधारित प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण उपरांत सभी शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पीएल मिश्रा, मास्टर ट्रेनर जिला उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शंभू नाथ त्रिपाठी, उत्कृष्ट विद्यालय के विजय सिंह सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उक्त प्रदर्शनी बहुत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादाई है। उल्लेखनीय है कि जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित इस प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों के माध्यम से सशक्त बन रही मध्यप्रदेश की नारी, लोक निर्माण से लोक कल्याण, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गारंटी को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में नए स्टार्टअप, जनजातीय विकास से जुड़ी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, पुलिस कर्मियों के कल्याण की योजनाओं, गौ संवर्धन तथा गौ संरक्षण के कार्यों एवं प्रदेश में लगातार बढ़ रहे औद्योगिक निवेश को प्रदर्शित किया गया है।

चित्र प्रदर्शनी में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, साइबर तहसील से किसानों को हो रहे लाभ, लाड़ली बहना योजना, बेहतर सुशासन के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों, किसानों तथा मजदूरों के कल्याण के प्रयासों, युवाओं को नए अवसर सहित शासन की सभी प्रमुख विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया है।

## संपादकीय

### सबका साथ जरूरी

एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की-हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फ सुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता।

**लोकप्रिय वोट के 2/5 हिस्से से थोड़ा कम के साथ, यह शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। कुल मिलाकर, यह कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके, आरजेडी, आप और वामपंथी दलों की तरफ से राष्ट्रीय स्तर पर डाले गए वोटों के बराबर है। खास बात यह है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में एक चौथाई मतदाताओं ने न तो एनडीए और न ही इंडिया ब्लॉक को पसंद किया। इसलिए, संक्षेप में, बीजेपी, सबसे बड़ा राजनीतिक ब्रांड हो सकती है लेकिन 60त से अधिक मतदाता गैर-बीजेपी उम्मीदवारों के लिए ईवीएम बटन दबाते हैं। विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती: विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती बीजेपी विरोधी वोटों को एकजुट करना है। सिद्धांत रूप में, इसके लिए राष्ट्रीय और राज्य दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में एकजुट विपक्षी उम्मीदवार सुनिश्चित करने के लिए होशियारी से सीट-बंटवारे की रणनीति की आवश्यकता होती है।**

# तो लालू और शरद पवार ने सही भांपा है, अब मोदी बनाम दीदी ही होने वाला है!

(अनिल कुमार)

2024 के चुनावों में नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व कर सकते थे। ममता बनर्जी अब इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर सकती हैं। कांग्रेस को सीटों के बंटवारे में समझौता करना होगा। क्षेत्रीय दलों का प्रभाव बढ़ेगा। गैर-कांग्रेसी नेतृत्व से विपक्ष मजबूत होगा। बंगाल का कल्याणकारी मॉडल गुजरात मॉडल को टक्कर देगा।

**उदय चंद्रा:** एक अलग 2024 की कल्पना करें। भारत के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित नीतीश कुमार लोकसभा चुनावों में मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी के खिलाफ गठबंधन की अगुआई करते हैं। चुनावों के बाद धर्मनिरपेक्षता और बहुलवाद के नाम पर टीडीपी और बीजेडी इस गठबंधन में शामिल हो जाते हैं। हरियाणा में कांग्रेस को जबरदस्त सत्ता विरोधी लहर के कारण भारी जीत मिलती है। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी के अलग-अलग गुटों ने मिलकर एक मजबूत बीजेपी विरोधी गठबंधन बनाया।



## ...फिर भी इंडिया ब्लॉक कर रहा संघर्ष

जबकि इंडिया ब्लॉक के लिए यह सबसे अच्छी स्थिति नहीं बन पाई, लेकिन सबसे खराब स्थिति यानी विघटन भी नहीं हुआ। कांग्रेस ने 99 सीटें हासिल कर एक मजबूत संसदीय विपक्ष का नेतृत्व किया। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और अन्य जगहों पर प्रमुख क्षेत्रीय दलों ने बीजेपी के चुनावी रथ के खिलाफ अपनी जमीन मजबूत की। झारखंड और जम्मू-कश्मीर ने बीजेपी के लिए बहुत निराशाजनक रूप से इंडिया ब्लॉक के पक्ष में मतदान किया। सब कुछ खत्म नहीं हुआ है, फिर भी खराब प्रदर्शन करने वाला विपक्ष संघर्ष कर रहा है।

**शरद, लालू कर रहे ममता का समर्थन:** यही कारण है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने की चर्चा पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। पिछले चुनावों में भले ही इस पर कोई खास चर्चा न हुई हो, लेकिन भारत की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री बनर्जी का भारत की अध्यक्ष बनना कोई दूर की कौड़ी नहीं है। राज्य और राष्ट्रीय चुनावों में भाजपा के खिलाफ उनका सबसे अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उन्हें अन्य इंडिया ब्लॉक की पार्टियों, खासकर राजद, सपा और एनसीपी का सम्मान प्राप्त है। इस पद के लिए मौजूदा इंडिया ब्लॉक के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुकाबले शरद पवार और लालू यादव जैसे दिग्गज भी उनका समर्थन कर रहे हैं।

**आज की राजनीति में बीजेपी हावी:** इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी आज राजनीति पर हावी है। लोकप्रिय वोट के 2/5 हिस्से से थोड़ा कम के साथ, यह शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। कुल मिलाकर, यह कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके, आरजेडी, आप और वामपंथी दलों की तरफ से राष्ट्रीय स्तर पर डाले गए वोटों के बराबर है। खास बात यह है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में एक चौथाई मतदाताओं ने न तो एनडीए और न ही इंडिया ब्लॉक को पसंद किया। इसलिए, संक्षेप में, बीजेपी, सबसे बड़ा राजनीतिक ब्रांड हो सकती है लेकिन 60त से अधिक मतदाता गैर-बीजेपी उम्मीदवारों के लिए ईवीएम बटन दबाते हैं।

**विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती:** विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती बीजेपी विरोधी वोटों को एकजुट करना है। सिद्धांत रूप में, इसके लिए राष्ट्रीय और राज्य दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में एकजुट विपक्षी उम्मीदवार सुनिश्चित करने के लिए होशियारी से सीट-बंटवारे की रणनीति की आवश्यकता होती है। दो घोड़ों की दौड़ में जीत की सीमा को 51 प्रतिशत तक बढ़ाकर, एक एकीकृत विपक्ष बीजेपी को अतिरिक्त वोटों के लिए संघर्ष करने की चुनौती देगा, खासकर महिलाओं के बीच। लेकिन, जैसा कि हमने इस साल देखा है, छोटी पार्टियां और निर्दलीय बीजेपी की जीत की सीमा को मैनेज करने वाले स्तर तक कम कर सकते हैं।

**कांग्रेस का स्ट्राइक रेट चिंताजनक:** इन परिस्थितियों में, इंडिया ब्लॉक के दलों के सामने एक दुविधा है। कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन उसने 326 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिनमें से एक तिहाई से भी कम सीटें जीतीं। इस शरद ऋतु में राज्य चुनावों में, इसका स्ट्राइक रेट छठे स्थान पर आ गया। स्पष्ट रूप से, कांग्रेस जितनी सीटों पर चुनाव लड़नी चाहिए, उससे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ती है। साथ ही इसके क्षेत्रीय सहयोगी भविष्य में अधिक संतुलित सीट-बंटवारे के लिए सही मोलभाव कर रहे हैं। अगले 18 महीनों में चुनाव होने वाले राज्यों - दिल्ली, बिहार और पश्चिम बंगाल - में क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस की कीमत पर बहुत कुछ हासिल करना है।

**तो अलग होता 2024 का चुनाव:** इस लोकसभा में कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक का सूत्रधार बनना सीखना होगा। अगर पिछली सर्दियों में ऐसा किया होता, तो नीतीश कुमार को वह नेतृत्व पद मिल सकता था जिसकी उन्हें चाहत थी और 2024 का चुनाव अलग तरह से होता। राहुल गांधी की लोकप्रिय यात्राओं और उनकी बहन प्रियंका के पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ के रूप में पदार्पण ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरा हो सकता है, लेकिन पार्टी के बचे रहने को पुनरुत्थान के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए।

**जारी रहेगा गिरावट का रुझान:** कांग्रेस को अब नियमित रूप से सपा और एनसीपी जैसी क्षेत्रीय पार्टियों से वोट ट्रांसफर मिलते हैं, लेकिन शायद ही कभी इसका जवाब मिलता है। 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के बीच, कांग्रेस ने गठबंधन सहयोगियों को लगभग 100 सीटें छोड़ दीं, लेकिन 543 में से 326 सीटें अभी भी बहुत अधिक लगती हैं। यह गिरावट का रुझान जारी रहने की संभावना है, खासकर उन राज्यों में जहां अन्य इंडिया ब्लॉक की सहयोगी पार्टियों का दबदबा है। ममता जैसी गैर-कांग्रेसी राजनीतिज्ञ के नेतृत्व में गठबंधन में शक्ति का एक नया संतुलन स्थापित होगा। पूरे भारत में गैर-बीजेपी वोट को एकजुट करने के लिए, विपक्ष को कांग्रेस के लिए उपलब्ध सीटों के अनुपात को सीमित करना होगा। वर्तमान में गठबंधन की तरफ से जीती गई संसदीय सीटों में से 42 प्रतिशत सीटें कांग्रेस के पास हैं। इस अनुपात का मतलब होगा कि 2029 तक इंडिया ब्लॉक के भागीदारों को 100 सीटें और देनी होंगी।

**राज्य के चुनावों में दिखेगा असर:** चुनाव वाले राज्यों में, पतन और भी अधिक होगा। बिहार में, कांग्रेस ने 2020 में महागठबंधन को चुनाव में नुकसान पहुंचाया। कांग्रेस ने 70 सीटों में से मात्र 19 सीटें जीती थीं। वहीं, आरजेडी ने 144 में से 75 और सीपीआई (एमएल) ने 19 में से 12 सीटें जीतीं। यदि 2025 में सीटों का बंटवारा इंडिया ब्लॉक के भागीदारों की तरफ से सीटों के अनुपात के अनुसार होता है, तो कांग्रेस 243 विधानसभा सीटों में से केवल 45 पर चुनाव लड़ेगी।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल

(ललित गर्ग)

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्ठी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## वर्ग पहेली 5583



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1870 को इस देश में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई (4)
6. मछली, मत्स्य (2)
7. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना जाता है (5)
9. अस्वीकार करना, वचन तोड़ना (4)
11. बहुत थका, उत्साह भंग होने का भाव, साहस टूटना (2)
12. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)
14. भिक्षा मांगने वाला, भिक्षुक (3)
16. अलमस्त, बिंदास, मनमस्त (4)
18. यह संसार की सबसे लंबी नदी है, श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
19. गर्व, घमंड, फख्र (2)
20. व्यंग्य, आक्षेप वाक्य, कटाक्ष (2)
21. साहसी पुरुष, बहादुर, पराक्रमी (2)
23. ताया, जेठा चाचा (2) (2)
24. जमींदारी, इलाका (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारत के एक लोकप्रिय पूर्व रेडियो उद्घोषक (6)
2. प्रसिद्ध अप्सरा जिसे विश्वामित्र की कठोर तपस्या से डरकर इंद्र ने उनके तप-भंग करने के लिए भेजा था (3)
3. हसरत, आरजू, तमन्ना (3)
4. अभिभावक, संरक्षक, संरक्षण देने वाला (5)
5. प्रतिदिन, नित्य (2)
8. नष्ट, बर्बाद, ध्वंस (2)
10. काव्य मर्मज्ञ, जो रस पान करें, रस लेने वाला (3)
12. किसी कार्य के लिए किसी का नाम निश्चित करने की क्रिया (5)
13. कंठहार, पर्वत श्रेणी, तारतम्य, सूत्राली (2)
15. प्रचलित, काम चलाऊ (4)
17. इस्लाम धर्म का विद्वान, बच्चों का पढ़ाने वाला, धर्म दीक्षक (3)
22. हानि, आक्रमण, आपत्ति, हानि आदि से बचाव (2)

### वर्ग पहेली 5582 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | द्र | शे | ख | र | आ | आ | द |
| द | | खी | ल | | का | न | न |
| शे | र | | ना | लि | श | | द |
| ख | त | रा | | | गं | धा | ना |
| र | ञ्ज | ज | | आ | गा | | ना |
| | मा | रा | | क | | चु | |
| चि | | जा | ज | म | | ना | ना |
| ली | मा | | ग | ण | दे | व | ता |

# बांग्लादेश मामले में कूटनीति व राजनीति पर एक कदम आगे निकली ममता बनर्जी

(जगदीश यादव)

भारत हमेशा से विश्व में शांति का प्रतीक रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि इस समय बांग्लादेश में टकराव का माहौल बन गया है। इसे निपटाने के लिए अंतरिम युनुस सरकार नाकाम नजर आती है। ऐसे में शांति सेना भेजकर वहां पर शांति स्थापित की जाए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर केंद्र की भाजपा नीत सरकार के द्वारा अल्पसंख्यकों को लेकर तुष्टीकरण से लेकर बंगाल में बांग्लादेशियों को शरण देने का आरोप लगाया जाता रहा है। लेकिन इन दिनों बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं और मीडिया में उक्त खबरें हर रोज आ रही है। ऐसे में भले ही देश के पीएम नरेंद्र मोदी का उक्त मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है लेकिन ममता बनर्जी ने सशक्त तौर पर इस अंतरराष्ट्रीय मुद्दे को उठाया है और बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार को नाकाम तक करार दिया है। ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से उपजे एक बयान का जवाब देते हुए साफ कहा कि, अगर वह लोग बिहार, बंगाल ओडिशा जैसे हमारे देश के राज्यों पर कब्जे की बात करेंगे तो वह बैठकर लॉलीपॉप नहीं चूसेगी। साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेहद गंभीर और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बात कही। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज राज्य विधानसभा में कहा कि, बांग्लादेश के हालात पर यूएन हस्तक्षेप करे और वहां विशेष शांति सेना भेजे। भारत हमेशा से विश्व में शांति का प्रतीक रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि इस समय बांग्लादेश में टकराव का माहौल बन गया है। इसे निपटाने के लिए अंतरिम युनुस सरकार नाकाम नजर आती है। ऐसे में शांति सेना भेजकर वहां पर शांति स्थापित की जाए। ममता बनर्जी ने उक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर मोदी सरकार के साथ खड़े होने की बात करते हुए यह साबित कर दिया है कि वह राजनीति से लेकर कूटनीति के मामलों में एक सफल नेता हैं और उन्हें पता है कि कब क्या करना चाहिए। साथ ही तृणमूल प्रमुख ने समाज को यह भी संदेश दिया कि, कुछ लोग आपसी सद्भावना को खराब कर सकते हैं ऐसे में शांति और सूझबूझ से काम लेना चाहिए। देखा जाए तो बांग्लादेश के मामले पर मोदी सरकार से हिंदू समाज जिस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहा था वह नहीं दिखा। यह अलग बात है कि पीएम भले ही सामने नहीं आए हों लेकिन केन्द्र ने बंग्लादेश को संकेत में बता दिया है कि मामले पर भारत की आंखें बंद नहीं है। जबकि आरएसएस ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। साथ केंद्र सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की है। कांग्रेस ने भी मुद्दे पर अपना पक्ष सामने रख दिया है। लेकिन देखा जाए तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी राजनीति से लेकर कूटनीति के मामलों में एक कदम आगे निकल गई है। ममता बनर्जी जब सांसद थी तब भी बंगाल में वाममोर्चा के शासन के दौरान बंगाल में अवैध बांग्लादेशियों का मुद्दा उठा चुकी है। लेकिन ममता बनर्जी की सरकार बनने के बाद भी बंगाल में अवैध बांग्लादेशियों का मुद्दा उठता रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर में लाभ मिलेगा और नौकरी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी को संभालकर करें। व्यापार के विस्तार के लिए समय अनुकूल है। आपको बाहर से भी सुविधाएं मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में भी लाभ होगा। करियर में आपको बड़ा लाभ होगा।

**वृष**

आज दिन करियर के लिहाज से बेहद शुभ है। आपको मान सम्?मान की प्राप्ति होगी। व्यापार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी तो आप फूले नहीं समाएंगे। आपकी खुशी बढ़ेगी और रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा।

**मिथुन**

आज दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। आप जो भी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्?त होगी। धन-संपत्ति में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में भाइयों के साथ जमीन जायदाद का विवाद हल हो सकता है।

**कर्क**

आज करियर के मामले में सफलता लेकर आया है। ग्रहों के शुभ योग से आपको लाभ होगा। किसी महान व्यक्ति के आशीर्वाद से आपको करियर में सफलता मिलेगी। कोई कीमती वस्तु अचानक मिल सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**सिंह**

आज करियर में हर काम संभलकर करने की जरूरत है। आपको हर विवाद से बचने की सलाह है। आप अपने प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। व्यापार में अचानक उम्मीद से ज्यादा लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष से भी अच्छी खबर मिलेगी।

**कन्या**

आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में सुखद रहेगा। काफी समय से जो असमंजस चल रहा था, आज उसका अंत होगा और निराशा भी दूर होगी। जिस कारण से आपके काम नहीं बन रहे थे।

**तुला**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। जो काम जोखिम भरे हैं, उन्हें करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, इसलिए अपने काम पर ध्यान दें, वरना नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक**

आज दिन काफी व्यस्त रहेगा। घरेलू और व्यावसायिक माहौल में काफी थकान हो सकती है। कई तरह के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं, लेकिन धैर्य से काम लें। अपनी कार्यकुशलता से आप अपनी परेशानियां कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे।

**धनु**

आज दिन लाभ से भरा होगा। आप जिस प्रतियोगिता या परीक्षा को पास करना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आप जिस तरह से अपनी रणनीति बना रहे हैं, उससे लगता है कि आपके प्रयास सफल होंगे। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।

**मकर**

आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने को तैयार रहेंगे। परिस्थितियां जब अनुकूल होने लगती हैं तो सभी काम बनने लगते हैं और आप सफलता की ओर बढ़ते हैं।

**कुंभ**

आज दिन व्यस्त रहेगा। आपके सामने कई काम एक साथ आएंगे। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं जिससे आपको गुस्सा आएगा। लेकिन खुद को शांत रखें और अपने काम पर ध्यान दें। अगर आपको अपनी स्थिति स्पष्ट करनी है तो अपने वरिष्ठ अधिकारी को बताएं।

**मीन**

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको आय के मामले में लाभ होगा। आय के स्रोत मजबूत करने में जुटे हुए थे। कुछ निजी मामलों में लाभ होगा और आपको घरेलू मसले आपके लिए चिन्ता का विषय बने हुए हैं। आप उन पर काम करेंगे और आपको लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 2034 तक देश में नहीं हो सकेंगे एक साथ चुनाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को एक देश, एक चुनाव विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके बाद शुक्रवार को इसके प्रस्तावों से जुड़ी प्रतियां प्रसारित की गई हैं। इन नए प्रस्तावों के मुताबिक, देश में एक साथ चुनाव कराने का कार्यक्रम 2034 तक जमीन पर लागू नहीं हो सकेगा। सूत्रों ने बताया कि इस फैसले के बाद जल्द एक व्यापक विधेयक आने की उम्मीद है। विधेयक में कहा गया है कि अगर लोकसभा या किसी विधानसभा अपने पूर्ण कार्यकाल से पहले भंग कर हो जाती है तो मध्यावधि चुनाव सिर्फ उस सदन के पांच साल के कार्यकाल को पूरा करने के लिए ही कराए जाएंगे। यानी नए सिरे से पांच साल की सत्ता की प्रणाली का अंत हो जाएगा और केंद्र-राज्यों में चुनावों की एक साथ नियत पांच साल की अवधि का अनुपालन हर हाल में तय हो जाएगा। इस विधेयक में एक नए अनुच्छेद 82ए को शामिल करने का प्रस्ताव है जिसके मुताबिक, लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव और अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) और अनुच्छेद 327 में (विधानमंडलों के चुनाव के संबंध में प्रावधान करने की संसद की शक्ति) में संशोधन किया जाना है। विधेयक में यह भी प्रावधान है कि इसके कानून बनने पर आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक की तारीख पर राष्ट्रपति की तरफ से एक अधिसूचना जारी की जाएगी और अधिसूचना की उस तारीख को नियत तिथि कहा जाएगा। लोकसभा का कार्यकाल उस नियत तिथि से पांच वर्ष का होगा। नियत तिथि के बाद और लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल के खात्मे से पहले विधानसभाओं के चुनावों के लिए उनका कार्यकाल भी लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल के खत्म होने पर खत्म हो जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक, ''इसके बाद, लोकसभा और विधानसभाओं के सभी आम चुनाव एक साथ कराए जाएंगे।'' प्रस्तावित विधेयक के मुताबिक, यह नियत तिथि 2029 के लोकसभा चुनाव में तय होगी। इस लिहाज से 2034 में एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था लागू हो सकेगी। विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा या विधानसभा के पूर्ण कार्यकाल से पहले भंग होने की स्थिति में बचे हुए कार्यकाल की शेष अवधि के लिए ही चुनाव होगा।

### बंगाल के छात्रों का सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन, वे फिर नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे : ममता



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सिंचन स्निग्धा अधिकारी और बिल्टू माजी को शनिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने पर उनकी सरकार ने जोर दिया है, जिसका परिणाम सामने आ रहा है। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के छात्र सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और वे भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे। बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मुझे खुशी है कि इस साल यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में बंगाल के दो अभ्यर्थियों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। मैं दो सफल विजेताओं - सिंचन और बिल्टू को बधाई देती हूं। मैं यह भी देखती हूं कि अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने पर हमारा जोर ठोस परिणाम दे रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे छात्र आईएएस और आईपीएस परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य सरकार का सत्येंद्रनाथ टैगोर सिविल सेवा अध्ययन केंद्र पहले से ही युवा और महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र है, जो इन परीक्षाओं के लिए अत्यधिक सब्सिडी वाली उच्चस्तरीय मदद चाहते हैं। वे फिर से भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे।'' भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए।

# भारत को जल्द मिलने वाली है नक्सलवाद से मुक्ति : अमित शाह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इस बात को फिर से दोहराया कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। एक निजी न्यूज चैनल के कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि नक्सलवाद ने देश के कई हिस्सों में विकास को सालों तक अवरुद्ध किया है। गृह मंत्री ने सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्य अब इस प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में केवल दो जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की हालिया चुनावी जीत नक्सल विरोधी प्रयासों को और मजबूत करेगी। अमित शाह छत्तीसगढ़ के एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक कैम्प का दौरा करने वाले हैं जहां वह रात बिताएंगे। जब उनसे इस दौरे की महत्वता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह पहली बार नहीं है जब मैं ऐसे कैम्पों का दौरा कर रहा हूं। अब भाजपा के सरकार बनाने के बाद हमारे समन्वय में सुधार हुआ है। उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ प्रगति का श्रेय इन प्रयासों को दिया और कहा एक साल के भीतर 900 से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए हैं। 600 से ज्यादा ने आत्मसमर्पण किया है। 300 से ज्यादा मुठभेड़ों में मारे गए हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर अमित शाह ने दावा किया कि नक्सल गतिविधियों में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ चुकी है। उन्होंने भाजपा के दृष्टिकोण की तुलना कांग्रेस सरकार से करते हुए कहा, हमारे लिए वोटबैंक की राजनीति उतनी महत्वपूर्ण नहीं है जितनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आदिवासी समुदायों का विकास।

### मीडिया रिपोर्टो के आधार पर कार्रवाई नहीं होगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पहली बार अडानी रिश्वत मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार मीडिया रिपोर्टों के आधार पर कार्रवाई नहीं करती, बल्कि दस्तावेजों के आधार पर कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, सरकार मीडिया रिपोर्ट्स पर नहीं चलती। जब हमारे पास दस्तावेज आएंगे, तब कार्रवाई की जाएगी। यह टिप्पणी उस समय आई है जब विपक्ष लगातार अडानी के मामले पर संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। जब अमित शाह से पूछा गया कि गौतम अडानी पर अमेरिका में जो आरोप लगे हैं उनको भारत का गृह मंत्रालय कैसे देखता है? इस पर अमित शाह ने कहा, किसी और देश की कोर्ट में कोई आरोप लगे हैं। ऐसे में कोई भी सरकार उन आरोपों की मीडिया रिपोर्ट के आधार पर काम नहीं कर सकती। दुनिया की कोई भी सरकार ऐसा नहीं कर सकती है। जब हमारे पास कागज आएंगे.. इसका अध्ययन होगाज्तब देखेंगे।

### क्या हैं आरोप?

अमेरिका के न्याय विभाग की ओर से गौतम अडानी पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं के ठेके हासिल करने के लिए रिश्वत देने और अमेरिकी निवेशकों को गलत वित्तीय जानकारी देने का आरोप लगाया गया है। अडानी समूह ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा है कि वे इस मामले को कानूनी तरीके से निपटाएंगे।

### गृह मंत्रालय की भूमिका

नियमों के अनुसार, अमेरिका की किसी भी कार्रवाई से पहले उसके अधिकारियों को भारत के गृह मंत्रालय को सूचित करना होगा। इसके बाद, गृह मंत्रालय भारत की केंद्रीय जांच एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दे सकता है। विपक्ष ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं और अडानी के खिलाफ तत्काल जांच की मांग की है। हालांकि, अमित शाह ने साफ कर दिया है कि कार्रवाई दस्तावेजों के आधार पर ही होगी।

### भारत स्वतंत्र, समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध : सेना प्रमुख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को क्षेत्रीय स्थिरता और स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। सेना प्रमुख ने जापान में आयोजित थल सेना शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। शिखर सम्मेलन में जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, फिलीपीन और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के सेना प्रमुख और वरिष्ठ जनरल ने भाग लिया। अपने संबोधन में जनरल द्विवेदी ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सुरक्षा और रणनीतिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित किया और बहुराष्ट्रीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

### केजरीवाल ने बुजुर्गों की पेंशन रोक दी, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया : मनोज तिवारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर



निशाना साधते हुए उन पर राष्ट्रीय राजधानी के महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। तिवारी ने 'आप' सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि दिल्ली में पिछले एक दशक में जल प्रदूषण से 21,000 लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल प्रदूषण की गंभीर होती समस्या से निपटने में विफल रहे, उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी तथा गरीबों के लिए राशन कार्ड जारी करने में भी लापरवाही बरती। तिवारी ने केजरीवाल पर ''अवैध रूप से बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले लोगों और रोहिंग्याओं'' को संरक्षण देने का आरोप लगाया तथा दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''अरविंद केजरीवाल अपनी जिम्मेदारियों के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। आज हम जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, लेकिन वह कभी इस पर बात नहीं करते। वह इन मुद्दों को क्यों छिपाना चाहते हैं?''

तिवारी ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब केजरीवाल ने राजधानी में ''बिगड़ती'' कानून व्यवस्था के लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना की थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में, हाल में कई विद्यालयों और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का हवाला देते हुए दावा किया कि शहर को देश की ''अपराध राजधानी'' कहा जा रहा है। दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर निशाना साध रही हैं।



### दक्षिण के राज्यों का नुकसान होगा, बीजेपी की सहयोगी टीडीपी ने भी परिसीमन पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीजेपी के सहयोगी दल टीडीपी सांसद लवू श्रीकृष्ण देवरायल ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा कि अलगे परिसीमन से दक्षिण के राज्यों को नुकसान होने वाला है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का लाभ उत्तर भारत को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया होती है तो यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे प्रदेशों में लोकसभा सीटों की संख्या 169 से बढ़कर 324 हो जाएगी। वहीं आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में केवल 129 से 164 सीटें हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि एक संघ के हित के लिए यह सही नहीं है। जिन राज्यों में जनसंख्या कम हुई है उन्हें भी परिसीमन का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पास हुए विधेयकों की मंजूरी की भी सीमा नहीं तय करनी चाहिए। दरअसल अगलो लोकसभा चुनाव 2029 में होना है और इसे बढ़ी हुई सीटों के साथ कराने का प्लान तैयार किया जा रहा है। परिसीमन कानून के मुताबिक 2026 तक लोकसभा की सीटें नहीं बढ़ाई जा सकतीं। इसके बाद जनगणना के आधार पर परिसीमन करवाया जा सकता है। संभवना है कि 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले 2008 में लोकसभा सीटों का परिसीमन किया गया था। पहले माना जा रहा था कि 2031 में जनगणना के बाद ही परिसीमन होगा। हालांकि अगर 2021 वाली जनगणना 2027 में कराई जाती है तो इसके बाद परिसीमन किया जा सकेगा। माना जा रहा है कि 2029 में लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर साढ़े सात सौ के करीब हो जाएंगी।

## भाषण उबाऊ, 11 संकल्प खोखले; पीएम मोदी के लोकसभा संबोधन को लेकर कांग्रेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए भाषण को कांग्रेस ने उबाऊ बताया है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि पीएम मोदी ने जो 11 संकल्प रखे हैं वह पूरी तरह से खोखले हैं। शनिवार को संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और उन्हें आजादी के बाद से संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। पीएम मोदी के भाषण पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री की बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति है तो अदाणी के मामले पर चर्चा करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का यह भाषण बहुत उबाऊ था।



प्रियंका गांधी ने कहा,दशकों बाद ऐसा लगा कि गणित के डबल पीरियडमें बैठे हैं। नड्डा जी हाथ मल रहे थे और जब मोदी जी ने उनकी ओर देखा तो वह अचानक ऐक्टिंग करने लग गए कि मैं सुन रहा हूं। अमित शाह जी भी अपना सिर छू रहे थे। पीयूष गोयल जी लग रहे थे कि जैसे सोने वाले हैं।उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि वह कुछ नई बात बोलेंगे लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। उन्होंने जो 11 संकल्प रखे वह भी खोखले हैं। अगर उन्हें भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति है तो फिर अदाणी के ऊपर क्यों चर्चा नहीं हो रही है।

कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद परिसर में मीडिया से कहा कि कांग्रेस ने सदन में इस बात का खुलासा कर दिया है कि यह पूरी सरकार अदाणी समूह के लिए चल रही है। प्रधानमंत्री के भाषण पर उन्होंने कहा कि उनके भाषण में कुछ नया नहीं है। सिर्फ कांग्रेस के खिलाफ आरोप लगाए हैं। हमने कल और आज खुलासा कर दिया कि पूरी सरकार अदाणी के लिए चल रही है। जिस तरह से आरएसएस और हिंदू महासभा ने पहले दिन से संविधान का विरोध किया था, इसका भी खुलासा हुआ है। वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण के समय प्रधानमंत्री अनुपस्थित थे, गृहमंत्री सदन में नहीं थे। या तो वे राहुल गांधी का सामना करने में डरते हैं या फिर वे विपक्ष में विश्वास नहीं करते हैं। लोकसभा में संविधान के ऊपर जारी चर्चा के बारे में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि आपात काल का कलंक कांग्रेस के माथे पर हमेशा लगा रहेगा। यह कभी नहीं मिटेगा। उन्होंने कहा कि गांधी नेहरू परिवार ने हर समय संविधान को चुनौती दी है। आजादी के बाद से ही यह सिलसिला शुरू हो गया और जब तक इनकी सत्ता रही तब तक यह चलता रहा।

## भाजपा और उसके सहयोगी विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च कर रहे : तेजस्वी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भाजपा के इस दावे पर कटाक्ष किया कि 'एक देश, एक चुनाव' से चुनावी खर्च में कमी आएगी और साथ ही भाजपा एवं उसके सहयोगियों पर विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च करने का आरोप लगाया। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग से राज्य का आगामी विधानसभा चुनाव ''एक ही चरण में कराने की मांग की, जैसा पहले भी होता रहा है।'' दरभंगा में प्रेसवार्ता के दौरान जब पत्रकारों ने राजद नेता से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक के बारे में पूछा तो उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, ''मौजूदा स्वरूप में चुनाव कराने में क्या समस्या है?''

जब उनसे कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से इस पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, तो तेजस्वी ने पलटवार करते हुए कहा, ''और विज्ञापनों का क्या? भाजपा को प्रचार पसंद है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''बिहार जैसे गरीब राज्य में भी सरकार विज्ञापनों पर पैसे लुटाती है। जरा पता लगाइए कि राजग ने 20 साल पहले राज्य में सत्ता में आने के बाद से लेकर और केंद्र में अपने 11 साल के शासन के दौरान प्रचार पर कितना पैसा खर्च किया है।'' तेजस्वी ने कहा, ''बिहार में एक ही चरण में चुनाव होना चाहिए क्योंकि पहले भी ऐसा ही होता था। निर्वाचन आयोग को इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए क्योंकि बिहार के साथ किसी दूसरे राज्य में चुनाव नहीं होना है।



## पीएम मोदी के संबोधन ने देश को दिखाई नई दिशा, विपक्ष के भ्रम जाल को तोड़ा : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर बार-बार संविधान की भावना की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आपातकाल का पाप देश की सबसे पुरानी पार्टी के माथे से कभी नहीं मिट सकता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोकसभा में उनके जवाब को विपक्ष की ओर से फैलाए गए भ्रम जाल को तोड़ने वाला बताया। जे.पी. नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर दिया गया वक्तव्य कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा भारतीय संविधान और अन्य विषयों पर फैलाए जा रहे भ्रम जाल को तोड़ने वाला और देश को स्पष्ट दिशा देने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश की समृद्धि, सशक्तिकरण और सबको साथ लेकर चलने की बात कही है।

1975 में लगा आपातकाल, लोकतंत्र की हत्या का सर्वकालिक उदाहरण है। देश को जेलखाना बनाकर नागरिकों के मौलिक अधिकार छीनने वाली कांग्रेस, सत्ता के लालच में संविधान की दुहाई दे रही है। नड्डा ने पोस्ट में लिखा, संविधान दिवस मनाने के



अवसर पर भी कांग्रेस के नेताओं ने आपत्ति जताई। संविधान दिवस के उत्सव का आरंभ और संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के आदर्शों का अनुसरण यह प्रमाण है कि भाजपा संविधान की सच्ची संरक्षक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में हर वर्ग के उत्थान, देश के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी संकल्पित हैं। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता विकसित भारत निर्माण के हमारे संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर गांधी परिवार की हर पीढ़ी ने सत्ता में रहते हुए संविधान से छेड़छाड़ की है। आपातकाल के दौरान लोगों के अधिकार छीन लिए गए थे। हजारों नागरिकों को जेलों में डाल दिया गया, न्यायपालिका को खामोश कर दिया गया और प्रेस की स्वतंत्रता पर ताला लगा दिया गया।

### रेलवे स्टेशन के बाहर 80 साल पुराने हनुमान मंदिर को गिराने का नोटिस, आदित्य ठाकरे ने की महाआरती



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में दादर रेलवे स्टेशन के बाहर 80 साल पुराने भगवान हनुमान मंदिर को ध्वस्त करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लग गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के हस्तक्षेप के बाद यह कदम उठाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गत 4 दिसंबर को मध्य रेलवे ने मंदिर के ट्रस्टियों को नोटिस जारी किया था, जिसमें दावा किया गया कि मंदिर का निर्माण अवैध है। इससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित होने के साथ ही यात्रियों को असुविधा हो रही है। नोटिस में सात दिनों के भीतर मंदिर को हटाने का आदेश दिया गया था। पूर्व मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल के साथ मध्य रेलवे के अधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही, मामले को सुलझाने के लिए उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और उनके प्रयास सफल रहे। उन्होंने कहा, रेल मंत्री ने मंदिरों पर ध्वस्तीकरण के आदेश को रद्द करने का फैसला किया है। लोग वहां हमेशा की तरह पूजा कर सकेंगे। हम अब वहां आरती भी करने जा रहे हैं।

**आदित्य ठाकरे ने की महाआरती :** मंदिर को गिराने के लिए रेलवे के नोटिस जारी करने को लेकर हुए विवाद के बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को दादर स्टेशन के बाहर स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती की। आदित्य ठाकरे शाम को मंदिर पहुंचे और महाआरती की। इस दौरान उनके साथ पार्टी नेता अनिल देसाई, संजय राउत और कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इससे पहले, पत्रकारों से बात करते हुए आदित्य ने इस मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह हिंदुत्व की विचारधारा का इस्तेमाल केवल वोट पाने के लिए करती है। उन्होंने कहा कि रेलवे ने तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी है, लेकिन उसे नोटिस वापस लेना चाहिए।

# साली की हत्या के आरोप में जीजा गिरफ्तार, कूड़े के ढेर में मिला कटा हुआ सिर

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा हुई है। दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में कूड़े के ढेर में एक महिला का कटा हुआ सिर मिला था। 24 घंटे के भीतर ही महिला के जीजा को उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। जीजा की पहचान अतीउर रहमान लस्कर के रूप में हुई है। उसने इसलिए महिला की हत्या कर दी क्योंकि उसने उससे संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। कोलकाता पुलिस ने उसे दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में उसके पैतृक गांव बसुलडांगा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि लस्कर नामक एक मजदूर ने कथित तौर पर उस महिला की हत्या करने की बात कबूल की है जो




पिछले दो साल से अपने पति से अलग रह रही थी। डीसीपी (दक्षिण उपनगरीय) बिदिशा कलिता ने कहा कि महिला का कटा हुआ सिर शुक्रवार को ग्राहम रोड के पास कूड़े के ढेर में मिला था और उसके धड़ और शरीर का निचला हिस्सा शनिवार को रीजेंट पार्क इलाके में एक तालाब के पास मिला था। महिला रीजेंट पार्क में एक घर में काम करती थी। वह टॉलीगंज में काम करने वाले लस्कर के साथ हर दिन काम पर जाती थी। डीसीपी ने बताया कि उसका जीजा उसके साथ संबंध बनाना चाहता था, लेकिन उसने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इस उपेक्षा से लस्कर नाराज हो गया। एक सप्ताह पहले उसने ने जीजा से दूरी बनानी शुरू कर दी, जिससे वह और भी नाराज हो गया। उसने उसका फोन नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम को जब वह फ्री हुई तो उसने उसे अपने साथ एक निर्माणाधीन इमारत में चलने के लिए मजबूर किया। उसने वहां उसका गला घोंट दिया और फिर उसका सिर काट दिया। उसने शव को तीन टुकड़ों में काटा और उन्हें फेंक दिया। पुलिस इस संबंध में अन्य लोगों की संभावित संलिप्तता की भी जांच कर रही है। उस इलाके में कटा हुआ सिर बरामद होने से निवासियों की रूह कांप उठी और उनके अंदर डर पैदा हो गया।

### पुलिस को कटा हुआ सिर कैसे मिला?

शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ग्राहम रोड पर एक टैंक में कटा हुआ सिर भरा एक प्लास्टिक बैग देखा था। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, शरीर का हिस्सा मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने इसे आगे की जांच के लिए एमआर बांगुर अस्पताल भेज दिया था। कोलकाता पुलिस ने इलाके के सभी उपलब्ध सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की ताकि यह पता लगाया जा सके कि कटा हुआ सिर वहां किसने फेंका। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल से संबंधित नमूने बरामद किए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कटे हुए सिर पर चोट के निशान और खून के धब्बे भी थे, जिससे पता चलता है कि हत्या उसके बरामद होने के 12 घंटे के भीतर हुई थी। पुलिस ने शरीर के हिस्से के का पता लगाने के लिए एक खोजी कुत्ते को भी तैनात किया। कुत्ता पुलिस को ग्राहम रोड टैंक से लगभग एक किलोमीटर दूर एक अपार्टमेंट तक ले गया। इसे बाद से इमारत में आने-जाने वालों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए अपार्टमेंट के प्रवेश द्वार पर दो कांस्टेबल तैनात किए गए थे।



गाबा टेस्टः

# ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 400 पार

## हेड और स्मिथ ने शतकीय पारियां खेलीं



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने गाबा टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। टीम ने मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली में 7 विकेट पर 405 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी 45 और मिचेल स्टार्क 20 रन पर नाबाद लौटे हैं। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में होस्ट टीम ने 28/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से स्टीव स्मिथ ने 101 और ट्रैविस हेड ने 152 रन की शतकीय पारियां खेलीं।

दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 241 रन की पार्टनरशिप हुई। ओपनर उस्मान ख्वाजा 21 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय खेमे से जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और नीतीश राणा को एक-एक विकेट मिला। इस मुकाबले का पहला दिन बारिश के नाम रहा। शनिवार को 13.2 ओवर ही डाले जा सके थे। भारतीय टीम टॉस जीतकर गेंदबाजी कर रही है। फिलहाल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एक-एक की बराबरी पर है। भारत ने पहला टेस्ट 295 रनों से जीता था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच 10 विकेट से जीतकर वापसी की थी।

## ब्रिसबेन में भी जसप्रीत बुमराह अकेले लड़ते रहे जंग, ऑस्ट्रेलिया को तीसरी बार दिया ऐसा झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जिस बात का डर ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले जताया जा रहा था, वो तीसरे टेस्ट मैच में पूरी तरह से सच साबित हो गया. ब्रिसबेन में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया के उप-कप्तान और स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अकेले ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों से मोर्चा लेते हुए नजर आए, जबकि बाकी अन्य तेज गेंदबाज कोई भी खास असर नहीं डाल सके. इसका ही असर था कि ऑस्ट्रेलिया ने एक बड़ा स्कोर बना दिया लेकिन बुमराह ने फिर भी दम दिखाया और ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को निपटा दिया. इस तरह बुमराह ने सीरीज में दूसरी बार पारी में 5 विकेट लेकर अपनी बेहतरीन फॉर्म का एक और नजारा पेश किया. मोहम्मद शमी के इस दौरे पर नहीं आने के बाद से ही ये डर जताया जा रहा था कि टीम इंडिया के लिए पूरी सीरीज में बुमराह को ही पूरा दारोमदार उठाना पड़ेगा. उनके साथ मोहम्मद सिराज के रूप में एक अनुभवी साथी गेंदबाज जरूर है लेकिन उनकी हालिया फॉर्म बहुत अच्छी नहीं रही है. वहीं आकाश दीप, हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में अनुभवहीन गेंदबाजों के होने से बुमराह के भरोसे ही टीम इंडिया इस सीरीज में उतरी और लगातार तीसरे टेस्ट में ये बात सही साबित हो गई. पर्थ और एडिलेड टेस्ट में बुमराह को फिर भी थोड़ा साथ दूसरे गेंदबाजों से मिला था लेकिन ब्रिसबेन में वो पूरी तरह अकेले लड़ाके बनकर रह गए. मैच के दूसरे दिन रविवार 15 दिसंबर को बुमराह ने शुरुआत में ही ऑस्ट्रेलिया के दोनों ओपनर्स को आउट कर दिया था. इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड टीम इंडिया पर टूट पड़े. दोनों ने शानदार शतक जमाए और टीम को 300 रनों के पार पहुंचाया. आखिरकार इस साझेदारी को भी बुमराह ने ही स्मिथ को आउट कर तोड़ा. दूसरी नई गेंद से बुमराह ने स्मिथ को आउट किया. फिर दो ओवर बाद दोहरा झटका दिया. पारी के 87वें ओवर में बुमराह ने पहले मिचेल मार्श को और फिर ट्रेविस हेड के रूप में सबसे बड़ी रुकावट को दूर किया.



# नीरज की ओलिंपिक जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलिंपिक वाली जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल की गई है। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने अगस्त में खत्म हुए पेरिस ओलिंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। उन्होंने 89.45 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था।लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। नीरज से पहले रेसलर सुशील कुमार और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीते थे। 2 ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे खिलाड़ी नीरज भारतीय इतिहास में नीरज चोपड़ा 2 ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले रेसलिंग में सुशील कुमार, बैडमिंटन में पीवी सिंधु और शूटिंग में मनु भाकर भी दो ओलिंपिक मेडल जीत चुकी हैं। इनमें से नीरज चोपड़ा, सुशील कुमार और पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में ये मेडल जीते। वहीं मनु भाकर ने इसी पेरिस ओलिंपिक में शूटिंग में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते।

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल बुडापेस्ट में में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था।इससे पहले, 2022 यूजीन में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था।

## सिराज पर निशाना साधने वालों को गावस्कर का जवाब, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों का दोहरा चरित्र दिखाया



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने एडीलेड में दिन रात्रि टेस्ट में ट्रेविस हेड के साथ विवाद में मोहम्मद सिराज पर निशाना साधने को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों के दोहरे चरित्र की आलोचना की है। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ने शतक पूरा करने के बाद डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था।

हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इस दावे से इनकार किया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया। गावस्कर ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में कटाक्ष करते हुए लिखा, 'सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के 'पंडितों से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।

उन्होंने लिखा, 'इससे ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक नाराज हो सकते हैं कि सिराज ने शानदार शतक बनाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को आक्रामक इशारा किया। गावस्कर ने दोहरे चरित्र पर कटाक्ष किया कि कैसे यही लोग अपने खिलाड़ियों के असभ्य व्यवहार का समर्थन करते हैं। उन्होंने लिखा, 'यह लोग हालांकि अगले सत्र में की एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के किसी तेज गेंदबाज की इंग्लैंड के बल्लेबाज के खिलाफ इस तरह की हरकत का समर्थन करेंगे। मीडिया में कुछ सुझाव थे कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को को फिर से पहले की तरह बेहद आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए।

गावस्कर हालांकि सिराज के गुस्से से आश्चर्यचकित थे क्योंकि आईपीएल ने खिलाड़ियों के बीच कटुता को कम कर दिया था। उन्होंने कहा, 'सिराज का गुस्सा आश्चर्यजनक था क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों और कोचों को करोड़पति बनाने के अलावा एक काम किया है और वह काम है पहले से मौजूद कटुता को काफी हद तक कम करना।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में

## अजीबोगरीब तरीके से आउट हुए केन विलियमसन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट एक अप्रत्याशित खेल है, जिसने पिछले कुछ सालों में कुछ मजेदार आउट के जरिए प्रशंसकों को खूब हंसाया है। ये आउट क्रिकेट के हल्के-फुल्के पहलू को दिखाते हैं और खेल के अप्रत्याशित, मजेदार और मानवीय पहलू की याद दिलाते हैं। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच हैमिल्टन के सेडन पार्क में शनिवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन भी इसी तरह का आउट हुआ और इस बार बल्लेबाजी केन विलियमसन कर रहे थे।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीता और कीवी टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा। मैथ्यू पॉट्स द्वारा 59वें ओवर में गेंदबाजी करने के साथ न्यूजीलैंड का स्कोर दिन के आखिरी सत्र में 185/3 था, जबकि स्ट्राइक पर पूर्व कप्तान केन विलियमसन थे। पॉट्स ने विलियमसन को ऑफ स्टंप पर एंगलिंग करते हुए लेंथ बॉल फेंकी, जिसे विलियमसन ने अपनी डिफेंड कर दिया।

गेंद उछलकर स्टंप की ओर चल दी। विलियमसन ने इसे रोकने की कोशिश की और किक मारा, लेकिन गेंद स्टंप से टकरा गई, जिससे इंग्लैंड के प्लेयर्स बहुत खुश हुए। विलियमसन 44 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड ने दिन का खेल 315/9 पर समाप्त किया।



दो दिन के अंदर तीन संन्यास

## पाकिस्तान के एक और खिलाड़ी ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रमुख ऑलराउंडर इमाद वसीम ने शुक्रवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने इस साल टी20 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था। इसके कुछ घंटे बाद ही अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भी संन्यास ले लिया। आमिर भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे। इन दोनों के संन्यास के बाद एक और बाएं हाथ के पाकिस्तानी गेंदबाज ने संन्यास ले लिया है।

मोहम्मद इरफान ने भी लिया संन्यास

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह घोषणा उन्होंने सोशल मीडिया पर की। इरफान ने अपने साथियों और कोच का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल तीनों फॉर्मेट में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। इरफान क्रिकेट इतिहास के सबसे लंबे खिलाड़ी हैं। उनकी लंबाई 7 फीट और एक इंच है।

42 साल के मोहम्मद इरफान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने साथियों और कोचों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। प्यार, उत्साह और अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद।

हॉकीः

## भारत ने जापान को हराया, महिला जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल में चीन से होगा सामना



**मस्कट, एजेंसी।** खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पिछले चरण के उप विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां जापान पर 3-1 की जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखते हुए महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुमताज खान (चौथे), साक्षी राणा (पांचवें), दीपिका (13वें) ने पहले क्वार्टर में गोल किए जबकि जापान के लिए निको मारुयामा ने 23वें मिनट में सांत्वना गोल किया।

ज्योति सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए शुरुआती क्वार्टर में यह एकतरफा रहा जब सुनलिता टोप्पो ने खेल के दूसरे मिनट में खतरनाक गेंद को रोकने के लिए तेजी से दौड़कर जापान के ड्रैग-फ्लिक के मौके को विफल कर दिया। भारत ने दो मिनट बाद गलती का फायदा उठाकर बढ़त बना ली। एक मिनट बाद साक्षी राणा ने एक और मैदानी गोल करके गत विजेता को 2-0 से आगे कर दिया। भारत ने ग्रुप मैच में चीन से मिली हार से सबक सीखा। पहले क्वार्टर में दो मिनट रहते भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे दीपिका ने गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जापान ने कुछ मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में घुसने की कोशिश की, लेकिन मजबूत डिफेंस के कारण उन्हें नाकाम कर दिया गया।

जापान की खिलाड़ियों ने आखिरकार 23वें मिनट में पहला गोल किया जिससे अंतर कम हुआ और अंत तक यही स्कोर रहा। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पिछले चरण के उप विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया।

डब्ल्यूपीएल 2025 के लिए मिनी ऑक्शन

## सिमरन शेख को1.90 करोड़ में गुजरात ने खरीदा, अनकैप्ड कमलिनी को 16 गुना ज्यादा कीमत मिली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलने वालीं ऑलराउंडर सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी रहीं। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 1.90 करोड़ रुपए में खरीदा। उनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपए थी। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई, लेकिन गुजरात ने आखिर में बाजी मार ली। दिल्ली ने फिर नंदिनी कश्यप को 10 लाख रुपए में खरीद लिया।

तमिलनाडु से खेलने वालीं 16 साल की बैटर जी कमलिनी के लिए मुंबई इंडियंस ने 16 गुना ज्यादा कीमत लगा दी।

उनकी बेस प्राइस महज 10 लाख रुपए थी, उन्हें मुंबई ने 1.60 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई थी।

# जिले की कानून व्यवस्था ध्वस्त, पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारी मनमानी तथा दबंगई पर उतारू

## सत्ताधारी दल के विधायक की उपस्थिति में पुलिस ने कर दिया लाठी चार्ज

### दो दर्जन से अधिक किसान, ग्रामीण हुए घायल, जिले में भारी आक्रोश



**पन्ना।** वर्तमान समय में लगता है मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश की सरकार तथा शासन प्रशासन प्रजातांत्रिक रूप से नहीं चल रहा है, पुलिस तथा प्रशासन को सरकार द्वारा मनमाने ढंग से चलाने के आदेश दे दिये गयें है। इसी कारण पन्ना जिले में भी नियम कानून नाम की कोई चीज नहीं है, पुलिस तथा प्रशासन उद्योग पतियों एवं सत्ताधारी दल के बड़े नेताओं के इशारे पर काम कर रहा है, आम जनता पर लाठी वर्षा रहा है उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रहीं है। किसान बेरोजगार, गरीब, वर्ग के लोग भारी परेशान है, पन्ना जिले में अधिकारी कर्मचारीयों का बोल बाला है, किसी की कोई सुनने वाला नहीं है, अभी कुछ दिन पूर्व पत्रकारो द्वारा एक आन्दोलन किया गया था, जिसमें एक थाना प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई थी। लेकिन उसमें कुछ नहीं हुआ, अब तो सत्ताधारी दल के विधायकों की उपस्थिती में ही आम जनता पर किसानो पर मजबूरो पर पुलिस द्वारा लाठीयां वर्षाई जा रहीं है, इसी प्रकार का मामला 13 दिसम्बर को सामने आया, अमानगंज तहसील अन्तर्गत पुरैना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट के सामने डम्फर द्वारा एक गरीब को टक्कर मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। जिसका नाम शेलू सेन उम्र 25 वर्ष है, जो मोटर साईकिल से अपने घर पगरा जा रहा था, मौत हो जाने के बाद क्षेत्रीय ग्रामीणो नें जेके सीमेंट प्रबंधन के खिलाफ भारी आक्रोश देखा गया एवं ग्रामीणो ने शव रखकर आन्दोलन कर दिया गया। उक्त मामले की जानकारी क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा को लगी तो वह भी ग्रामीणो के समर्थन में शामिल हो गये तथा न्याया दिलाने के संबंध मे शासन प्रशासन से मांग करने लगे एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि सहित रोजगार देने की मांग कर रहे थे, लेकिन पुलिस द्वारा विधायक की मांग को अनशुना करते हुए बिना किसी आदेश के विधायक की उपस्थिती में ग्रामीणो के उपर लाठी चार्ज कर दिया गया तथा ग्रामीणो को जानवरो की तरह पीटा गया। उक्त घटना क्रम के दौरान दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। साथ मे ही विधायक का अंग रक्षक भी बुरी तरह घायल हो गया है। इस दौरान गुस्साई भीड़ ने भी पुलिस पर पत्थर बाजी कर दी। किसी प्रकार विधायक श्री वर्मा नें मामले को शांत कराया, तथा वह स्वंय ग्रामीणो के साथ जेके सीमेंट कंपनी के गेट के सामने धरने पर बैठ गये। जानकारी लगने के बाद कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक घटना स्थल पर पंहुचे रात्रि दस बजे तक दोनो पक्षो में वार्तालाप हुआ विधायक द्वारा लाठी चार्ज कराने वाले पुलिस अधीकारीयों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं पीड़ितो को मुआवजा एवं रोजगार देने की बात रखी गई। लेकिन अभी तक न तो दोषी पुलिस अधीकारीयों के खिलाफ कार्यवाही हुई है और न ही प्रशासन द्वारा पीड़ित पक्ष को किसी भी प्रकार की सहायता देने की जानकारी बताई गई। फिलहाल जिले मे कानून व्यवस्था की स्थिती बहुत ही खराब है पुलिस तथा प्रशसन की मनमानी चल रही है, जिसके चलते आम जनता भारी परेशान है।

## मध्य प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा एक वर्ष में जन कल्याण की अनेक योजनाए लागू की है

**पन्ना।** मध्यप्रदेश की उन्नति और प्रगति के साथ जनता को खुशहाल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जनता के सामने जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया था उस पर चरणबद्ध तरीके से तेजी से कार्य हो रहे हैं प्रदेश के विकास और जनता के हित में तय किये गये संकल्पों में एक साल के भीतर 45 से अधिक संकल्प जनहित के पूरे किये जा चुके हैं अन्य संकल्पों पर तेजी से कार्य चल रहा है आने वाले 4 वर्ष में हमारी भाजपा सरकार सभी 456 संकल्पों को क्रमश: पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कम समय में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उक्ताश्य के विचार सहमीडिया प्रभारी आशीष तिरी द्वारा व्यक्त किये गये। उन्होने बताया कि भाजपा सरकार लगातार जनहित की योजनाए चला रहीं है। जिसका उद्देश्य प्रदेश के हर नागरिक को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलें। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे भी उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के जरिए हुआ लंबित प्रकरणों का निराकरण

## 2 करोड़ 72 लाख रूपए से अधिक की अवार्ड राशि पारित



**पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई एवं अजयगढ़ न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार, जिला न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, जेएमएफसी मोहित बड़के, इकरा मिन्हाज, प्रीतम शाह, श्वेता आर्य, तनिष्का वैष्णव, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते तथा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, सचिव उदय कुमार त्रिपाठी, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह व पवन कुमार पाण्डेय एवं असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक, शशांक चतुर्वेदी, अभिभाषक संघ के सदस्यगण तथा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश ने शुभारंभ अवसर पर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण कर पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्त करवाने का प्रयास करने का आह्वान किया। जिला न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने जानकारी दी कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु जिला न्यायालय पन्ना में 9 खण्डपीठ, तहसील न्यायालय पवई में 2 खण्डपीठ और तहसील न्यायालय अजयगढ़ में 1 खण्डपीठ का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ ही प्रीलिटिगेशन के कुल 387 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं कुल समझौता राशि 69 लाख 61 हजार 776 रूपए एवं लंबित प्रकरणों के कुल 258 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर कुल समझौता राशि 2 करोड़ 3 लाख 8 हजार 504 रूपए कुल 2 करोड़ 72 लाख 70 हजार 280 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा द्वारा कई वर्ष से अलग रहे दम्पत्ति के बीच भी साथ रहने का समझौता कराया गया। इस पर पति-पत्नी एक दूसरे को माला पहनाकर एक साथ रहने के लिए सहमत हुए।

## पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों व उनके परिवारजनो का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई.कृष्ण एस. थोटा द्वारा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी व उनके परिवार जनो के बेहतर स्वास्थ्य हेतु मेट्रो प्राईम बडेरिया हॉस्पिटल जबलपुर के सहयोग से पन्ना जिले के पुलिस लाइन परिसर में नि:शुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक तथा चिकित्सको की उपस्थिती में किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा उनके परिवार जनो को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा जांच उपरांत आवश्यक परामर्श चिकित्सकों द्वारा दिये गये। साथ ही हृदय रोगों से बचने वाले उपायों को समझाया गया, हृदय रोग से ग्रसित लोगो को समझाईस दी गई। चिकित्सा शिविर में मेट्रो प्राईम बडेरिया हॉस्पिटल जबलपुर से हृदय रोग विशेषज्ञ डा. गनेश सुरकार, डॉक्टर मनीश केडिया, डॉक्टर रत्नेश गोस्वामी, तेजवली कुशवहा, कुससम खान, नीतू, नीलेश, दीपक, पवन एवं अन्य स्टाफ शामिल रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, एस.डी.ओ.पी गुनौर गलैडविन एडवर्ड कार, रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा सहित पुलिस स्टाप व उनके परिजन शामिल रहें।

## थाना अमानगंज क्षेत्रांतर्गत सड़क हादसे में पुलिस द्वारा की गई वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस द्वारा अमानगंज थाना अंतर्गत हुए सड़क हादसे में वैधानिक कार्यवाही की गई है। गत 12 दिसम्बर की रात्रि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अमानगंज-सिमरिया रोड पर पंचवटी ढाबा के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल चालक शैलेन्द्र उर्फ शैलू पिता अशोक सेन उम्र 25 साल निवासी पगरा थाना अमानगंज को टक्कर मारकर फरार हो गया है। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुँचकर घायल शैलेन्द्र उर्फ शैलू को ईलाज हेतु जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा सिमरिया में ग्राहक सम्मान समारोह संपन्न



**पन्ना।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा सिमरिया में ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन गत दिवस 13 दिसंबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए तथा पूजा अर्चना के बाद किया गया। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक एस के कनोजिया, सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक सूरजदीन द्विवेदी तथा वर्तमान शाखा प्रबंधक मानवेन्द्र सिह परमार, हरिनारायण पाठक उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री कनोजिया द्वारा उपस्थित सभी उपभोक्ताओं अमानतदार किसानो को कलम, डायरी, कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन बैंक प्रबंधक मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारे द्वारा महाप्रबंधक एसके कनौजिया के मार्गदर्शन में बैंक शाखा से विभिन्नप योजनाए संचालित की जा रहीं है, जिसका उद्देश्य कियानो, अमानदारो एवं आम उपभोक्ताओं को बैंक शाखा के माध्यम से मिलता रहे, तत्पश्चात् कार्यक्रम को मुख्य अतिथि श्री कनोजिया ने संबोंधित करते हुए प्रदेश सरकार एवं जिला स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के ज़िलाध्याक्ष जागेश्वर शुक्ला, रमेश खरे, हरिनारायण पाठक वरिष्ठ लिपिक अमोल सिह, दीपक शर्मा, पीयूष द्विवेदी, समिति प्रबंधक पर्यवेक्षक रामभुवन पाठक, रामनारायण रिछारिया, विनोद जैन, इंद्रपाल सिह, उमा प्रसाद दूबे, बलराम नामदेव, प्रताप सिह, बिजय कुमार, सत्यम सिह, मोहित गुप्ता, जमुना राय सहित ग्राहक एव किसान भी मौजूद रहे।

## जेके सीमेंट प्लांट के पास सड़क दुर्घटना करने वाला चालक वाहन सहित गिरफ्तार

**पन्ना।** विगत 12 दिसम्बर को जेके सीमेंट प्लांट के पास लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पगरा निवासी मोटर साईकिल चालक शैलेन्द्र पिता अशोक सेन को टक्कर मार दी गई थी। जिसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी, उक्त वाहन चालक को पुलिस द्वारा वाहन सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसमें वाहन क्रमाक सीजी 07 सीए 9693 जो की डीजल पेट्रोल लाने जे जाने वाला वाला एक टैंकर है। उक्त दिनाँक को गुनौर से सागर डीपो जा रहा था। जिसे पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पकड़ा गया। उक्त टैंकर के चालक गोवर्धन कुर्मी पिता मंजू कुर्मी निवासी लोटना लोटनी सागर का निवासी है।

# सरकार को पेंशनर्स की मांग माननी होगी, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पन्ना पहुंचे



**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार को प्रदेश के पेंशनर्स का समय पर महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान करना होगा नियमित कर्मचारियों के साथ में महंगाई भत्ता जो विलंब से दिया जाता है उसको समय पर देना होगा। यह बात मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओ पी बुधौलिया ने जिला मुख्यालय के जिला पंचायत सभागार में जिला शाखा पन्ना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद चौबे कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एन बी राजपूत संभागीय अध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद रहे। श्री बुधौलिया ने कहा कि हम फरवरी माह में अपनी मांगों को लेकर राजधानी भोपाल में विधानसभा का घेराव करने जा रहे हैं और यदि इसके बाद भी सरकार हमारी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उसका निराकरण नहीं करती है तो हम अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को समय पर महंगाई भत्ता ना भुगतान कर धारा 49 का बहाना किया जाता है। जबकि बिहार से अलग हुए झारखंड और उत्तर प्रदेश से अलग हुए उत्तराखंड में यह धारा लागू नहीं है। इस अवसर पर जिला इकाई पन्ना के अध्यक्ष मुरारीलाल थापक ने कहा की पन्ना जिले में जिले के जितने भी पेंशनर संगठन हैं वह एक होकर हर कार्य में सहभागिता का निर्वहन कर रहे हैं और यही कारण है कि जब भी हम अपनी मांगों को लेकर आंदोलन प्रदर्शन करते हैं तो विपरीत से विपरीत परिस्थिति में हमारे साथी कंधा से कंधा मिलाकर एक साथ खड़े होते हैं जो काबिले तारीफ है श्री थापक ने आवाहन किया कि हम इसी तरह से एकजुटता के साथ काम करेंगे तो हमें सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस के त्रिपाठी, किशोरी प्रसाद श्रीवास्तव, महीप रावत, बीपी परोहा, राजेश चोरहा आदि। स्वास्थ्य परीक्षण और बने आयुष्मान कार्ड इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण का भी आयोजन किया गया जिला चिकित्सालय के डॉक्टर डीपी प्रजापति ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी पेंशनर्स के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया और आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

# अवैध शराब के परिवहन पर वाहन राजसात होगा

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अवैध शराब के परिवहन पर बुलेरो वाहन क्रमांक यूपी 93 एके 6118 को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47 के तहत वाहन को राजसात करने का आदेश दिया है। साथ ही आबकारी अधिकारी एवं थाना प्रभारी अमानगंज को राजसात बुलेरो वाहन तथा जप्तशुदा शराब के संबंध में विधिक प्रावधान व नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

विदित हो कि गत 9 नवम्बर 2023 को थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुलेरो वाहन से 5 पेटी गोवा विस्की अंग्रेजी शराब एवं 5 पेटी देशी प्लेन कुल 90 लीटर शराब का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। इस पर वाहन व 45 हजार रूपए कीमत की शराब को जप्त कर आरोपीगण बब्बी उर्फ धरमदास रैकवार निवासी जैन मोहल्ला गुनौर, विपिन राय निवासी हीरापुर थाना कुड़ीला जिला टीकमगढ़ और राहुल राय निवासी राजगढ़ थाना प्रेमनगर जिला झांसी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 477/23 धारा 34 (2), 42 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की गई। वाहन मालिक जादेल सिंह निवासी ग्राम गुढ़ा पोस्ट शाहपुरा तहसील गरौठा जिला झांसी सहित आरोपीगण को सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया गया था।

# चित्र प्रदर्शनी में दिखाई जा रही सरकार की उपलब्धियों की झलक



**पन्ना।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला मुख्यालय में चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर पन्ना में जनसंपर्क संचालनालय द्वारा तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 13 दिसम्बर से किया गया है। जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित इस प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों के माध्यम से सशक्त बन रही मध्यप्रदेश की नारी, लोक निर्माण से लोक कल्याण, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गारंटी को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में नए स्टार्टअप, जनजातीय विकास से जुड़ी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, पुलिसकर्मियों के कल्याण की योजनाओं, गौ संवर्धन तथा गौ संरक्षण के कार्यों एवं प्रदेश में लगातार बढ़ रहे औद्योगिक निवेश को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, साइबर तहसील से किसानों को हो रहे लाभ, लाड़ली बहना योजना, बेहतर सुशासन के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों, किसानों तथा मजदूरों के कल्याण के प्रयासों, युवाओं को नए अवसर सहित शासन की सभी प्रमुख विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रदर्शित किया गया है। आम जनता से भी प्रदर्शनी के अवलोकन की अपील की गई है।

# कलेक्टर ने सात उपार्जन केन्द्रों का जिम्मा महिला स्वसहायता समूह को सौंपा



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जारी निर्देशों के तहत सात खरीदी केन्द्रों का आवंटन महिला स्वसहायता समूहों को सौंपा गया है, जिसके तहत रैपुरा तहसील में बंजारी माता स्वसहायता समूह हरदुआ पटेल को कृषि उपज मण्डी रैपुरा, जय श्री राम स्वसहायता समूह झांझर को ग्राम बघवार कला प्रांगण, सरस्वती स्वसहायता समूह कृष्णगढ़ को ग्राम मलघन प्रांगण तथा जय मां जोगनी स्वसहायता समूह मोहन्द्रा को रावतपुरा वेयरहाउस मनगुवां खरीदी स्थल आवंटित किया गया है। इसी तरह शाहनगर तहसील में सन्यासी बाबा स्वसहायता समूह शाहनगर को ग्राम बोरी प्रांगण, सिमरिया तहसील में शिवमंडल स्वसहायता समूह मोहन्द्रा को सिमरिया मण्डी पैक्स गोदाम और गुनौर तहसील में सुषमा स्वसहायता समूह खमरिया द्वारा कृषि उपज मण्डी प्रांगण गुनौर में खरीदी कार्य संचालित किया जाएगा। उक्त खरीदी केन्द्रों की उपार्जित धान का प्रदाय सर्वप्रथम खरीदी केन्द्र स्थल से सीधे मिलर्स को होगा। इसके उपरांत उपार्जित धान का शासकीय गोदामों में परिवहन कर भण्डारण कराया जाएगा। स्वसहायता समूहों सहित उपार्जन कार्य से जुड़े समस्त विभागों को शासन के निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्र स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराकर किसानों का उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी 20 जनवरी तक धान उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। उपार्जित धान के त्वरित भण्डारण के निर्देश जिले में गत 2 दिसम्बर से प्रारंभ धान उपार्जन अंतर्गत अब तक 1 लाख 30 हजार 68 क्विंटल धान का उपार्जन हो चुका है, जबकि अब तक मात्र 21 हजार 299 क्विंटल धान का भण्डारण हो सका है। जिला प्रबंधक स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन एवं वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन द्वारा मिलर्स से अनुबंध निष्पादित कर खरीदी केन्द्रों से धान प्रदाय शुरू नहीं करने के कारण परिवहन एवं भण्डारण कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा उपार्जित धान का त्वरित रूप से गोदाम में भण्डारण और मिलर्स को प्रदाय कराने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि जिले में 29 गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्र संचालित हैं, जबकि समिति स्तरीय 18 केन्द्र संचालित हैं। जिला कलेक्टर द्वारा भी धान उपार्जन, भण्डारण एवं परिवहन की समीक्षा कर रविवार सायं तक उपार्जित मात्रा के विरूद्ध शत प्रतिशत गोदामों में भण्डारण व मिलर्स को प्रदाय करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसानों को त्वरित भुगतान प्रारंभ हो सके। उपार्जन कार्य का दिया प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय पन्ना के सभागार में शनिवार को समूह की महिलाओं को धान उपार्जन से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक नान एवं सर्वेयर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपार्जन प्रक्रिया, फसल गुणवत्ता, ई उपार्जन पोर्टल तथा वांछित जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया।

**अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के स्टेडियम में राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।**



## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों के हुए आयोजन

### जिले के 22 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 26 जनवरी तक संचालित किया जायेगा। अभियान के तहत शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाये जाने के लिये शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। विभिन्न विभागों की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ भी दिलाया जा रहा है। आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने व अपनी समस्याओं का निराकरण कराने के लिये विभिन्न माध्यमों से जागरूक भी किया जा रहा है।



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर जनपद सिरमौर सीएफटी के जामू, शाहपुर, जनपद रायपुर कर्चुलियान सीएफटी के सगरा, पुरैना, मनकहरी, जनपद रीवा सीएफटी के रुपौली, सोनौरी, जनपद गंगेव के पटना, महमूदपुर, जनपद त्योंथर सीएफटी के सरूई, सूती, सरई, सोहरवा, रेही, चौखड़ा, पटहटकला, बरहा, कूड़ी, गोदकला, गोदखुर्द तथा जनपद जवा सीएफटी के सितलहा व नगमा में शिविर का आयोजन किया गया। त्योंथर के ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में 130 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि सिरमौर जनपद अन्तर्गत शाहपुर ग्राम पंचायत में 54 तथा जामू में 35 आवेदन प्राप्त हुए। रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में लगाए गए शिविरों में 45 आवेदन प्राप्त हुए। जन कल्याण पर्व के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में संबल कार्ड, पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता के प्रकरण सहित राजस्व व अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी शिविर में उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं का लोगों को लाभ दिलाने के साथ ही योजनाओं से परिचित भी करा रहे हैं। कूड़ी में आयोजित शिविर में खसरा वितरण किया गया। गंगेव जनपद के पटना में आयोजित शिविर का विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर गंगेव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर संचालित किए जा रहे मुख्यमंत्री जन अभियान कार्यक्रम का अधिक से अधिक लोग लाभ लें और शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का कार्य विभागीय अधिकारी समन्वय बनाकर करें।

## मऊगंज जिला भाजपा के मंडल अध्यक्ष घोषित किए गए

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिलाके संगठन पर्व के तहत मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात मऊगंज जिले के 9 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है पार्टी के प्रदेश निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण सेजवलकर एवं मऊगंज जिले के पर्यवेक्षक रामलाल रौतेला की सहमत मिलने के पश्चात मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है जिसमें हनुमान से सुनील शुक्ला पिपराही मोतीलाल वैगा खटखरी मुरलीधर द्विवेदी शाहपुर मुद्रिका पटेल मऊगंज अमित सिंह देवतालाब विनोद कुमार कोल नईगढ़ी श्रीमती विभा शर्मा.तमारी मंडल नागेंद्र सिंह पटेल रघुराजगढ़ मंडल लवकुश सिंह को घोषित किया गया हैमऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि पार्टी संगठन के द्वारा धीगई जिम्मेदारी को सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष गण पूर्ण करेंग सभी मंडल अध्यक्ष पार्टी के विश्वास पर खरा उतरेंगे।

## स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

### खेल एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। मेरे स्वर्गीय पिता जी की स्मृति में आयोजित किये जा रहे टूर्नामेंट के आयोजक साधुवाद के पात्र हैं जो पिता जी के प्रति श्रद्धा के भाव रखकर गत नौ वर्षों से अनवरत प्रति वर्ष इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं। श्री शुक्ल ने राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के स्टेडियम में 22 दिसंबर तक आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस टूर्नामेंट के आयोजन में मेरा कोई योगदान नहीं है। आयोजक पिता जी के प्रति श्रद्धाभाव रखकर इसे आयोजित कर रहे हैं और इसकी ख्याति दूर-दूर तक हो रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए हार जीत की चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि खेल ही वह




विधा है जिसमें जीतने व हारने वाले एक दूसरे को बधाई देते हैं और जो हारते हैं वह अगली बार पूरे दमखम के साथ खेल में भाग लेते हैं। श्री शुक्ल ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई की कविता का उल्लेख करते हुए कहा कि हार जीत को एक तरफ रखते हुए खेल भावना के साथ खेलना चाहिए और खेल की तरह अन्य प्रतिस्पर्धा में भी सहयोमात्मक भाव से शामिल होना चाहिए। उन्होंने खेल प्रतियोगिता के आयोजकों को सफल आयोजन की शुभकामना दी। उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने किया। उप मुख्यमंत्री ने पूज्य पिता जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खेलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शैलेन्द्र शुक्ल, विवेक दुबे, केके गर्ग सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, खेल प्रेमीजन तथा प्रतिभागी टीम के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री श्री राम महायज्ञ के हवन कार्यक्रम में हुए शामिल



**रीवा।** प्रसिद्ध संत श्री सनकादि महाराज के सानिध्य ने आयोजित किये जा रहे 1008 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ के महापूर्णाहुति कार्यक्रम में शामिल होकर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने हवन किया तथा भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि झलबदरी आश्रम रीवा में 7 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित किये गये श्री राम महायज्ञ के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने हवन, भण्डारा के उपरांत संत श्री सनकादि महाराज से आशिर्वाद प्राप्त किया।

## टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक का आयोजन 16 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में किया गया है। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन सहित मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व एवं आयोजन की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## आमजन को शीतलहर एवं ठण्ड के प्रकोप से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद ने ठण्ड के मौसम में ठण्ड से बचाव के लिये आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा है कि शीत ऋतु प्रारंभ हो गई है। आगामी दिनों में अधिकांश जगहों में सामान्य से न्यूनतम तापमान की संभावना प्रबल है। अत: संभावित शीत लहर के प्रकोप से बचाव तथा लोगों की सुरक्षा की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निम्नानुसार आवश्यक प्रबंध करायें। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी शीत लहर चेतावनी तथा बचाव के उपायों से जन सामान्य को सूचित करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति फुटपाथ/सड़क/मैदान जैसे खुले स्थानों में पाए जाने पर उन्हें रैन बसेरों में शिफ्ट कराने की कार्यवाही की जाए यदि शिफ्ट कराना संभव न हो तो अन्य सुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर उनमें उन व्यक्तियों को रखा जाय। रैन बसेरों में पर्याप्त गर्म कपड़े, बिस्तर और कंबल आदि उपलब्ध कराए जाएं इस संबंध में स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, पार्क, मुख्य बाजार, आदि पर अलाव जलाने के लिए स्थान चिन्हित किये जाएं तथा अलाव जलाने के लिए आवश्यक सामग्री की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश कमिश्नर ने दिये हैं। उन्होंने कहा है कि रैन बसेरा एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर शीतलहर से बचाव के प्राथमिक उपचार हेतु फर्स्ट एड बाक्स तथा आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी किये जाएं।उपरोक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ विशेष टीम का गठन कर रात के समय नियमित रूप से इन प्रमुख स्थानों और रैन बसेरों का निरीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अलाव जल रहे हैं, रैन बसेरों में कोई समस्या नहीं है, और कोई व्यक्ति खुले में न सो रहा हो। शीतलहर के प्रकोप को दृष्टिगत चेतावनी अनुसार स्कूल तथा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन के समय में परिवर्तन हेतु आवश्यकता अनुसार निर्देश जारी किये जाएं। घने कोहरे की स्थिति के दौरान यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाये एवं अग्रिम सुरक्षा उपाय लागू किये जाएं। जिले में स्थित सभी शासकीय चिकित्सालयों में शीतलहर प्रभावितों के उपचार हेतु चिकित्सकों की टीम गठित की जाए तथा शीतघात से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार हेतु दवाइयों के पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित किये जाएं।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किये जायेंगे शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसंबर से संचालित है। अभियान 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जायेगा। अभियान के दौरान केन्द्र एवं राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। अभियान में लोगों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत शिविर के लिए तिथियाँ और स्थल निर्धारित कर दिये गये हैं। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित स्थलों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित करें। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 14 एमपीईबी पार्क, 17 दिसंबर को रानीतालाब मंदिर परिसर, 18 दिसंबर को महेश मेमोरियल स्कूल ढेकहा, 19 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 20, 21 के लिए सामुदायिक भवन कटरा तिराहा तथा 20 दिसंबर को रतहरा तालाब के पास शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार 23 दिसंबर को जगन्नाथ मंदिर प्रांगण, 24 दिसंबर को घोघर कन्या शाला, 26 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 29, 30 तथा 31 के लिए लोक नायक स्कूल के पास, 27 दिसंबर को पी.के. स्कूल परिसर, 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री आवास परिसर कृष्णा नगर तथा 31 दिसंबर को उपरहटी किला गेट के पास शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा निवास स्थित कार्यालय में हिनौती गौधाम में कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों से अब तक हुए कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शेड निर्माण, फेंसिंग कार्य, प्रशासनिक भवन निर्माण तथा हाई मास्क लाइट लगाए जाने की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि हिनौती गौधाम में स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं। इस दौरान अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला आज, रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** स्थानीय शासकीय टीआरएस महाविद्यालय रीवा में 16 दिसंबर को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमि. पुणे, महाराष्ट्र, एन.ए.पी.एस. कंपनी-सीरम हडपसर पुणे, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, यशस्वी ग्रुप भोपाल, फ्लिपकार्ड जबलपुर, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पूणे, तथा एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## विद्युत के दक्षतापूर्वक उपयोग से ही ऊर्जा संरक्षण में मिलेगी मदद

### रीवा में मनाया जा रहा है ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

**रीवा।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर रीवा के साथ पूरे प्रदेश में मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के रीवा स्थित कार्यालय सहित प्रदेश के सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों,416 सबस्टेशनों, मैदानी कार्यालयों में प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया गया और सप्ताह भर ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने गतिविधियां आयोजित की गई है। रीवा में 132 के व्ही सबस्टेशन में कार्यपालन अभियंता अभय सक्सेना, सहायक अभियंता अजय चौरसिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रबंध संचालक ने आव्हान किया कि सभी विद्युत का उचित और दक्षतापूर्वक उपयोग करें ताकि ऊर्जा संरक्षण में मदद मिल सकें। उन्होंने कहा कि म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी विद्युत क्षेत्र में सतत विकास लक्ष्य को प्राथमिकता देने के प्रति संवेदनशील और गंभीर है। इस कारण हर वर्ष ऊर्जा की खपत को कम करने के उद्देश्य से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुये एम.पी. ट्रांसको विभिन्न कार्यशालाओं ,वेबिनारों ,आकाशवाणी, सोशलमीडिया प्लेटफार्म में जन सामान्य के लिए अपील ,बैनर, स्टीकर से ऊर्जा




बचत के उपायों का प्रचार सहित विभिन्न प्रतियोगिताओ के द्वारा स्कूलों कॉलेजों और शासकीय - अशासकीय कार्यालयों में भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये अभियान संचालित करती है। प्रबंध संचालक ने कहा कि एम.पी. ट्रांसको ने मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा 2023-24 के लिये पारेषण हानि के अधिकतम लक्ष्य 2.76 प्रतिशत के मुकाबले 2.61 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर ऊर्जा संरक्षण के प्रति एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि 0.1 प्रतिशत पारेषण हानि कम करने पर लगभग 950 लाख यूनिट ऊर्जा बचत होती है।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते हैं

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833